दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

जो व्यक्ति परिस्थितियों के बदलने का इंतज़ार करता है, वह समय के साथ बह जाता है; और जो व्यक्ति स्वयं को बदलने का साहस रखता है, वही समय की दिशा बदल देता है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-94 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 24 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## परिवार को जोड़े रखने वाली 'आलपीन' की अनदेखी पीड़ा

कागज़ों के एक बिखरे हुए पुलिंदे को यदि व्यवस्थित और सुरक्षित रखना हो, तो एक छोटी-सी आलपीन ही पर्याप्त होती है। वह स्वयं कागज़ों को चुभती है, पर उन्हीं कागज़ों को एक क्रम, एक दिशा और एक पहचान भी देती है। यदि वह पीन हटा दी जाए, तो वही कागज़ बिखर जाते हैं, उनका क्रम टूट जाता है और उनमें लिखी बातों का अर्थ भी बदल सकता है। ठीक इसी प्रकार परिवार में भी एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो सबको जोड़े रखने का प्रयास करता है। उसका प्रयास कई बार कठोर, अनुशासनात्मक या 'चुभने' वाला प्रतीत होता है, किंतु उसका उद्देश्य केवल परिवार को संगठित और सुरक्षित रखना होता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

आज के बदलते सामाजिक परिवेश में परिवार की परिभाषा और संरचना दोनों तेजी से परिवर्तित हो रही हैं। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और निजी निर्णयों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह परिवर्तन बुरा नहीं है, परंतु जब स्वतंत्रता वर्चस्व की लड़ाई में बदल जाती है, तब परिवार की एकता खतरे में पड़ जाती है। हर व्यक्ति परिवार में 'मुख्य पृष्ठ' बनना चाहता है, जबकि यह भूल जाता है कि किसी भी पुस्तक की मजबूती केवल उसके मुखपृष्ठ से नहीं, बल्कि सभी पृष्ठों के सुव्यवस्थित क्रम से होती है। परिवार में जो व्यक्ति सबको जोड़कर रखने का प्रयास करता है, वह अक्सर आलोचना का शिकार बनता है। उसे नियंत्रक, हस्तक्षेप करने वाला या रूढ़िवादी कह दिया जाता है। उसकी बातों को 'चुभन' के रूप में देखा जाता है, जबकि वह केवल परिवार के हित में अनुशासन और संतुलन बनाए रखने की कोशिश करता है। जैसे आलपीन का काम कागज़ों को घायल करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखना है; वैसे ही परिवार के इस 'आलपीन' का उद्देश्य किसी की स्वतंत्रता छीनना नहीं, बल्कि संबंधों को बिखरने से बचाना होता है।

वास्तव में परिवार एक संस्था है, जहाँ केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी समान रूप से महत्वपूर्ण होते हैं। यदि हर सदस्य केवल अपनी स्वतंत्रता और इच्छाओं को सर्वोपरि रखेगा, तो सामूहिक संतुलन बिगड़ना स्वाभाविक है। व्यक्तिगत स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है, परंतु वह सामूहिक उत्तरदायित्व की कीमत पर नहीं होना चाहिए। जब परिवार में संवाद की जगह अहंकार ले लेता है, तब विखंडन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। आज के समय में 'मेरा जीवन, मेरी मर्जी' का विचार तेजी से फैल रहा है। यह सोच व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है, लेकिन जब यही सोच रिश्तों में संवाद और समझ की जगह ले लेती है, तब समस्याएँ जन्म लेती हैं। परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और परस्पर त्याग का संगम है। यदि प्रत्येक सदस्य स्वयं को केंद्र में रखकर निर्णय लेगा, तो समन्वय असंभव हो जाएगा। परिवार को जोड़े रखने वाला व्यक्ति अक्सर मध्यस्थ की भूमिका निभाता है। वह झगड़ों को शांत करता है, गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश करता है और सभी को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करता है। परंतु यही भूमिका उसे सबसे अधिक 'चुभने' वाली बना देती है, क्योंकि वह हर किसी को उसकी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। अनुशासन और संयम की बात करना आज के दौर में अलोकप्रिय हो सकता है, परंतु बिना अनुशासन के कोई भी व्यवस्था लंबे समय तक टिक नहीं सकती।

यदि कागज़ों का क्रम बदल जाए, तो पूरी फाइल का संदर्भ बिगड़ सकता है। ठीक वैसे ही, जब परिवार में प्राथमिकताओं का क्रम बदल जाता है—जहाँ 'हम' की जगह 'मैं' आ जाता है—तब रिश्तों का ताना-बाना कमजोर होने लगता है। संवाद खंडित हो जाता है, विश्वास कमज़ोर पड़ जाता है और अंततः संबंध औपचारिकता तक सीमित रह जाते हैं। यह भी सत्य है कि परिवार को जोड़े रखने वाले व्यक्ति को अपनी भूमिका निभाते समय संवेदनशीलता और संतुलन बनाए रखना चाहिए। अत्यधिक कठोरता या पक्षपात भी विघटन का कारण बन सकता है। आलपीन यदि अत्यधिक दबाव से चुभे, तो कागज़ फट सकते हैं। इसलिए संयम और सहानुभूति दोनों आवश्यक हैं। परिवार में नेतृत्व का अर्थ आदेश देना नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलना है।

समस्या तब उत्पन्न होती है जब परिवार के सदस्य उस 'आलपीन' की भूमिका और उसके महत्व को समझने से इंकार कर देते हैं। वे केवल चुभन देखते हैं, उसके उद्देश्य को नहीं। जबकि यदि थोड़ी समझदारी और संवाद से काम लिया जाए, तो वही चुभन एकता का आधार बन सकती है। परिवार में मतभेद स्वाभाविक हैं, परंतु मनभेद घातक होते हैं। मतभेद संवाद से सुलझाए जा सकते हैं, परंतु मनभेद अहंकार से जन्म लेते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम परिवार की संरचना और उसमें निभाई जाने वाली भूमिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करें। स्वतंत्रता और संगठन के बीच संतुलन बनाना ही स्वस्थ परिवार की कुंजी है। हर सदस्य को यह समझना होगा कि व्यक्तिगत उन्नति तभी सार्थक है, जब वह सामूहिक एकता को क्षति न पहुँचाए।


**अंततः**, परिवार एक पुस्तक की तरह है, जिसमें हर पृष्ठ का महत्व है। कोई भी पृष्ठ स्वयं में पूर्ण नहीं, पर सभी मिलकर एक कहानी रचते हैं। उस कहानी को सुव्यवस्थित रखने के लिए यदि कोई 'आलपीन' बनता है, तो उसकी चुभन को समझने की आवश्यकता है, न कि उसे दोष देने की। क्योंकि जब वह हट जाती है, तब बिखराव का दर्द कहीं अधिक गहरा होता है। परिवार को संगठित रखना एक कठिन, किंतु अत्यंत आवश्यक जिम्मेदारी है। यदि हम इस जिम्मेदारी को समझें और सम्मान दें, तो शायद हमारे रिश्ते भी उसी तरह सुरक्षित और सुव्यवस्थित रह सकेंगे, जैसे एक फाइल में सहेजे गए कागज़—एक सूत्र में बंधे, क्रमबद्ध और अर्थपूर्ण।

# सरकार की ऐसी खराब हालत कभी नहीं देखी: अशोक गहलोत

## पांच साल बनाम दो साल जैसा मूर्खतापूर्ण बयान आज तक किसी सरकार ने नहीं दिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पांच साल बनाम 2 साल को लेकर सरकार और बीजेपी पर तंज कसा है। गहलोत ने कहा- दो साल बनाम पांच साल की चर्चा का मजाक बना रखा है। आजादी के बाद से लेकर अब तक किसी भी सरकार ने ऐसी मूर्खता वाला बयान नहीं दिया होगा। 2 साल बनाम पांच साल बेतुका बयान था। बाद में इन्हें इसे बदलना पड़ा। यह नौबत क्यों आई? न केंद्र और न राज्य में अब तक इस तरह का पांच साल बनाम दो साल जैसा नहीं कहा। गहलोत विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- इस सरकार को लेकर गांव गांव में जो हालत बनी है, मैंने ऐसा कभी किसी सरकार के बारे में नहीं सुना।



### सरकार जो आंकड़े गिना रही वे काम तो हमारे वक्त मंजूर हुए

**गहलोत ने कहा-** सरकार आंकड़े पेश कर रही है लेकिन उनमें बहुत सारे काम तो हमारी सरकार के समय मंजूर हुए थे। हमारी सरकार के वक्त वित्तीय स्वीकृति जारी हुई, टेंडर जारी किए, काम शुरू हो गया और उन आंकड़ों को अधिकारियों ने लिखकर सरकार को दे दिया। जिन योजनाओं को हमने शुरू किया उन्हें बंद कर दिया गया। कई योजनाएं तो ऐसी हैं जो बनकर तैयार हैं लेकिन उन्हें शुरू नहीं किया जा रहा है। कई काम अधूरे पड़े हुए हैं।

### गृह विभाग की अनुदान मांगों पर सदन में बहस तक नहीं करवा रही सरकार

**गहलोत ने कहा-** यह बहुत ही गंभीर बात है किसरकार गृह विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा तक नहीं करवा रही है,जबकि विपक्ष ने सरकार से चर्चा करवाने की मांग की थी। इस पर हमारा सख्त ऐतराज हैं। राजस्थान में दो साल के राज में ही 13 हजार से ज्यादा रेप हो चुके। महिला घर में सुरक्षित नहीं है, कई जगह महिलाओं को मारकर उनके पैर काटकर कड़े निकाल कर ले जा रहा है। सरकार अगर गृह पर चर्चा करवात तो अच्छे सुझाव मिलते।

### मोदी अजमेर में जिन 19 कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे उनमें से 18 हमारे वक्त के

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर आ रहे हैं। वे जिन 19 कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे उनमें से 18 तो हमारी सरकार के वक्त के मंजतूर हुए हैं। प्रधानमंत्री पहले कहते थे कि कांग्रेस मुक्त भारत बनाएंगे लेकिन अब कह रहे हैं कि विपक्ष मुक्त भारत बनाएंगे। जब देश में विपक्ष नहीं रहेगा तो फिर सत्ता पक्ष का होना भी कोई तुक नहीं है। हमारे समय में भी संसद में गतिरोध होता था, एक बार 18 दिन तक सदन की कार्यवाही नहीं चली।

# शेखावाटी यूनिवर्सिटी पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे एसएफआई स्टूडेंट्स

**परीक्षाओं में अनियतताओं और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आक्रोश**

**भीम प्रज्ञा न्यूज**




**सीकर ।** सीकर में वामपंथी छात्र संगठन SFI की जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सीकर की सभी सरकारी कॉलेजों के SFI के छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष राजू बिजारणियां ने बताया- बैठक में सीकर जिले की सभी कॉलेज और शेखावाटी यूनिवर्सिटी में आ रही स्टूडेंट्स की विभिन्न समस्याओं तथा संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह गुर्जर ने की। संचालन जिला सचिव राकेश मुवाल ने किया। जिला कमेटी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र ढाका मौजूद रहे। बैठक में सीकर जिले की सभी छात्र प्रतिनिधियों ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्रहितों की स्थिति के? बारे में बताया। बैठक में 15 मार्च तक संगठन की सदस्यता, बैठक और सम्मेलनों का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 26 फरवरी को शेखावाटी यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में अनियमितताओं, यूनिवर्सिटी प्रशासन के रवैये और कैंपस के विभिन्न मुद्दों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र ढाका ने कहा कि 4 मार्च को कम्युनिस्ट पार्टी राजस्थान का जत्था सीकर पहुंचने पर कृषि मंडी में होने वाली आम सभा के समर्थन में स्टूडेंट्स को साथ लेकर स्वागत किया जाएगा।

### संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

SFI जिलाध्यक्ष महिपाल गुर्जर ने कहा- स्कॉलरशिप जल्दी जारी करने, स्कूल-कॉलेज में चल रही मनमानियों के खिलाफ, स्टूडेंट किराया, सोसायटी एक्ट समेत स्टूडेंट्स के विभिन्न मुद्दों को लेकर जल्द जिला मुख्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। जिला कमेटी की बैठक में जिलेभर की सभी कॉलेज और तहसीलों में संगठन का विस्तार, जिसमें संगठन की सदस्यता, बैठक तथा सम्मेलन के कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संदीप नेहरा, सुनील गोदारा, अभिषेक महला, प्रकाश सैन, कमल बिंजयासी, गोपाल बागड़ी, विकास जांगिड़, भूपेंद्र सिंह, विजयपाल जिनोदिया, गरिमा भास्कर, खुशी पटेल, बबिता वर्मा, दिनेश चौधरी, बलबीर खोरा, अनिल चौधरी, नरेश दानोदिया, वीरेंद्र सिंह समेत जिला कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# R.M.A. एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, पिलानी के खिलाड़ियों ने किया कमाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**




पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2026 में पिलानी की R.M.A. एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ी सचिन सिंह सोनगरा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही सचिन का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टीम के लिए किया गया है। खास बात यह है कि पूरे झुंझुनू जिले से ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टीम के लिए चयनित होने वाले वे एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि पिलानी क्षेत्र से इस प्रतिष्ठित स्तर पर चयनित होने वाले वे पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस उपलब्धि को जिले के खेल इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। वहीं महिला वर्ग में अकादमी की खिलाड़ी दीपिका सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया और अकादमी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उल्लेखनीय है कि R.M.A. एंड स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा वर्ष 2018 से बालिकाओं को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम अब लगातार सामने आ रहा है और बालिकाएं राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक जोनी महेश स्वामी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डॉ. हरिसिंह सांखला, विनोद आलडिया, कराटे कोच किरदार सिंह, दीपक खरब, समृद्धि आलडिया तथा गीत पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राहुल सांगवान सहित अनेक खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पिलानी में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग तेज, विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

पिलानी विधानसभा क्षेत्र में सरकारी महाविद्यालय खोलने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। पितराम सिंह काला ने विधानसभा में नियम 50 के तहत स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत कर पिलानी में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग उठाई। विधायक काला ने सदन में कहा कि पिलानी विधानसभा मुख्यालय होने के बावजूद यहां लगभग 45 निजी एवं सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, लेकिन 18 किलोमीटर के दायरे में एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। इसके चलते एससी, एसटी, ओबीसी, किसान, मजदूर और व्यापारी वर्ग के छात्र-छात्राओं को निजी महाविद्यालयों में अधिक फीस देकर अध्ययन करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ स्थानों पर पढ़ाई के लिए जाने से छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। निजी कॉलेजों की अधिक फीस के कारण कई विद्यार्थियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।विधायक ने यह भी बताया कि पूर्व में पिलानी में एम.के. साबू कॉलेज के नाम से निजी महाविद्यालय संचालित था, जिसका भवन अनुदान से निर्मित हुआ था और शिक्षण व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी। वर्तमान में कॉलेज बंद है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज के मालिक द्वारा इसे भू-माफियाओं को बेचने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार पर आघात पहुंचेगा।



विधायक काला ने सरकार से मांग की कि एम.के. साबू कॉलेज का अधिग्रहण कर वहां सरकारी महाविद्यालय खोला जाए, ताकि विद्यार्थियों को उचित एवं सुलभ शिक्षा मिल सके और कॉलेज की जमीन व भवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर में भवन एवं जमीन सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में सरकार को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। क्षेत्र के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

# 'जल संरक्षण आधारित बागवानी-सतत विकास का मार्ग' विषय पर कृषक सेमिनार आयोजित

## 100 से अधिक प्रगतिशील कृषकों की रही सहभागिता

### मृदा नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन व सूक्ष्म सिंचाई तकनीक द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देकर ही किसान बन सकते हैं आर्थिक रूप से सक्षम- डॉ जगदीश राणे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**




**सोहनलाल परिहार** । उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत 'जल संरक्षण आधारित बागवानी-सतत विकास का मार्ग' विषयक जिला स्तरीय सेमिनार सोमवार को स्वामी विवेकानंन्द कृषि संग्रहालय, स्वामी केशवानंन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। दो दिवसीय सेमिनार के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक, केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान डॉ जगदीश राणे ने बताया कि मृदा नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन व सूक्ष्म सिंचाई तकनीक द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देकर ही किसान आर्थिक रूप से सक्षम बन सकते हैं। आईएचआईटीसी जयपुर के संरक्षित खेती विशेषज्ञ डॉ. सत्य नारायण चौधरी व उपनिदेशक उद्यान अनुसंधान डॉ. प्रेमाराम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. प्रेमाराम ने कहा की जिले में सब्जी उत्पादन की व्यापक सम्भावनाऐं विधमान है। किसान जल संरक्षण तकनीकी बूंद बूंद सिंचाई के महत्व को समझे अगेती सब्जी फसल लेकर किसान समय पूर्व उपज प्राप्त कर अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते है। डॉ. सत्य नारायण चौधरी ने बताया कि किसान सरक्षित खेती के महत्व को समझे जल संरक्षण व बचत तकनीकी का उपयोग करते हुए पोली हाउस खेती से किसान समृद्ध व खुशहाल हो सकते हैं। कृषि अधिकारी उद्यान रमेश भाम्भू ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा देय विभिन्न अनुदान योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि अधिकारी उद्यान डॉ. विजय कुमार बलाई ने अनार, बैर, सिट्रस, खजूर फल-बगीचा स्थापना की उन्नत तकनीकी के संदर्भ में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ रेणु वर्मा ने बताया कि जल संरक्षण आधारित बागवानी वर्तमान समय की मांग है। किसान अधिक से अधिक सूक्ष्म सिंचाई, पॉली हाउस, लॉ-टनल, मल्चिंग जैसी जल सरंक्षित खेती को अपनाकर आमदनी को बढ़ावा देना चाहिए। सेमिनार के प्रथम दिवस पर जिले के 100 से अधिक युवा प्रगतिशील नवाचारी उद्यान किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उद्यान विभागीय अधिकारी जोधराज कालीरावणा, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिरूद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मपाल, बनवारीलाल सैनी, करणीदान चारण, ओमप्रकाश गोदारा, शिवभगवान इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने किया।

# विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन योजना में नियमानुसार लाभार्थियों को किया गया भुगतान



**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को विधान सभा में कहा कि विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन योजना में वर्ष 2011 में विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन योजना बंद कर दी गई थी, उस समय कुल 51 हजार 790 सदस्य पंजीकृत थे। सभी कामगारों को नेशनल पेंशन स्कीम में शामिल होने का विकल्प भी दिया गया। उन्होंने बताया कि सभी 51 हजार 790 सदस्यों को सूचना के उद्देश्य से विभाग की ओर से पोस्टकार्ड भी भेजे गए। इनमें से 17 हजार 122 सदस्य स्वेच्छा से एनपीएस से जुड़े। शेष 34 हजार 608 कामगार पूर्व योजना में ही शामिल रहे। इन सदस्यों को 31 मार्च, 2011 से ब्याज देय नहीं है। शून्य काल के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने विधायक अनिता भदेल के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पंजीकृत देवदत राजोरिया को 1 फरवरी, 2022 को पीएफआरडी नियमानुसार 25 हजार 558 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। गोदारा ने कहा कि राजोरिया ने स्वयं 13 हजार 62 रूपये का अंशदान दिया है। इसमें पीएफआरडी के नियमानुसार सरकार का अंशदान 12 हजार 496 रूपये था। इस प्रकार उन्हें भुगतान किया जा चुका है।

# इंसुलिन रेसिस्टेंस को कम कर सकते हैं किचन में मौजूद ये मसाले



इंसुलिन रेसिस्टेंस के कारण वजन बढ़ सकता है और टाइप 2 डायबिटीज भी हो सकता है। हमारी रसोई में कई ऐसे मसाले या हर्ब मौजूद हैं, जो इन्सुलिन रेसिस्टेंस को मैनेज करने में मदद कर सकते हैं। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो जाती हैं। इनमें से एक है इंसुलिन रेसिस्टेंस या इंसुलिन प्रतिरोध। इंसुलिन रेसिस्टेंस के कारण ही डायबिटीज होता है। इसे रिवर्स करना संभव है। पोषक तत्वों से भरपूर इंसुलिन प्रतिरोध-अनुकूल आहार खाने से ऐसा हो सकता है। हमारी रसोई में कई ऐसे मसाले मौजूद हैं, जो इंसुलिन रेसिस्टेंस को रिवर्स करने में सक्षम हैं। इंसुलिन प्रतिरोध को प्रबंधित करने से ब्लड शुगर लेवल भी सामान्य रह पाता है।जानते हैं किचन के उन मसालों को जो, इंसुलिन रेसिस्टेंस को मैनेज कर सकते हैं। **कब होता है इंसुलिन रेसिस्टेंस**–इंसुलिन रेसिस्टेंस तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति कम प्रतिक्रियाशील हो जाती हैं। इंसुलिन हार्मोन ब्लड शुगर या ग्लूकोज लेवल को नियंत्रित करता है। पैनक्रिआज शरीर की कोशिकाओं से चीनी लेने के लिए इंसुलिन जारी करता है। उन्हें ऊर्जा के लिए इसकी आवश्यकता होती है। जब इंसुलिन रेसिस्टेंस होता है, तो कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया नहीं देती हैं और ग्लूकोज को आसानी से अवशोषित नहीं करती हैं। पैनक्रिआज कोशिकाओं को ग्लूकोज को अवशोषित करने और ब्लड शुगर लेवल को स्वस्थ सीमा के भीतर रखने के लिए अधिक इंसुलिन का उत्पादन करके प्रतिक्रिया करता है।

**ब्लड शुगर लेवल और वजन बढ़ता है** –समय के साथ यह शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में सक्षम नहीं हो पाता है। बहुत कम इंसुलिन ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाता है। इससे अतिरिक्त ब्लड शुगर वसा कोशिकाओं में जमा हो जाता है, जिससे वजन बढ़ता है। शरीर के अधिक वजन और हाई ब्लड शुगर लेवल प्रीडायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज के विकसित होने का खतरा बढ़ाता है। **कैसे इन्सुलिन रेसिस्टेंस कम करते हैं स्पाइसेज** –नेचर जर्नल की स्टडी बताती है कि रसोई में मौजूद मसाले या हर्ब में मजबूत एंटी डायबिटिक प्रभाव होता है। मसाला इंसुलिन असंतुलन के सबसे आम लक्षणों में सुधार करता है और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। भोजन में विशिष्ट मसालों और हर्ब्स को शामिल करने से ब्लड शुगर को कम किया जा सकता है। **फाइबर से भरपूर मेथी** –इन बीजों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो इंसुलिन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती है। मेथी में मौजूद गैलेक्टोमैनन ब्लड में अवशोषित होने से पहले शरीर से शुगर को बाहर निकालने में मदद कर सकता है।



# इनफर्टिलिटी और थायरॉइड की समस्या दे सकता है प्लास्टिक की बोतल का लगातार इस्तेमाल



डिस्पोजेबल प्लास्टिक की बोतलें बोतलों से पानी पीती हैं या प्लास्टिक की बोतलें री यूज़ करती हैं या फिर बोतलों को घंटों तक गर्म होने के लिए कार में छोड़ देती हैं।इन सभी स्थितियों में प्लास्टिक की बोतल स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालती है। जानें पानी पीने के लिए प्लास्टिक की बजाय किस तरह के बोतल का करना चाहिए इस्तेमाल? पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं हो सकता है। इससे जुड़े कुछ खतरे भी हो सकते हैं। हममें से ज्यादातर लोग पानी पीने के लिए प्लास्टिक बोतलों का उपयोग करते हैं। इसे ऑफिस भी कैरी कर ले जाते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।पर्यावरण को प्रभावित करने वाले प्लास्टिक प्रदूषण भी बढ़ा सकते हैं। पानी की प्लास्टिक बोतलें ज्यादातर एक बार से अधिक उपयोग में लायी जाती हैं। इन्हें री यूज़ किया जाता है और फेंका भी जाता है। इससे लैंडफिल में अधिक कचरा जुड़ता है और वाटर फ्लो भी अवरुद्ध हो जाता है। इस आलेख में जानते हैं प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना कितना खतरनाक है।

**स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं प्लास्टिक की बोतलें**–प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं है। इसलिए प्रतिदिन फेंकी जाने वाली प्लास्टिक की बोतल हमारे आसपास के वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। प्लास्टिक के टॉक्सिक प्रभाव और केमिकल के कारण प्लास्टिक की बोतलों में पानी रखने और पीने से स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो सकता है। इस तरह की बोतल से लंबे समय तक पानी पीने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्लास्टिक के बुरे प्रभाव से खुद को बचाने के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक बोतल या दूसरे तरह के प्लास्टिक बोतल के उपयोग से बचना चाहिए। हमें अन्य विकल्पों पर स्विच करने की कोशिश करनी चाहिए।



**टॉक्सिक केमिकल**–डिस्पोजेबल या अन्य प्लास्टिक की बोतलें केमिकल पोल्शयून और टॉक्सिसिटी का कारण बन सकती हैं। सूरज की रोशनी और गर्मी के संपर्क में आने से प्लास्टिक से पानी में टॉक्सिक केमिकल निकल सकते हैं। इसका मतलब साफ़ है कि पानी की बोतलें खुली जगहों पर छोड़ने से वे गर्म हो सकती हैं। जब बोतलों को लंबे समय तक गर्म जगह पर छोड़ दिया जाता है, तो माइक्रोप्लास्टिक से कंटेमिनेटेड पाया जाता है ।

**क्या कहते हैं शोध** –हाल में जनवरी 2024 में प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में एक अध्ययन का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ। इस अध्ययन में पाया गया कि औसतन एक लीटर बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के लगभग 240,000 छोटे टुकड़े शामिल होते हैं। इनमें से लगभग 90% प्लास्टिक के टुकड़े नैनोप्लास्टिक के हो सकते हैं। स्टडी के अनुसार, चिंताजनक बात यह है कि कणों की कुल मात्रा पहले के अध्ययनों में देखी गई तुलना में 10 से 100 गुना अधिक थी, जो ज्यादातर बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पर केंद्रित थी।

**कई सौ केमिकल ऑब्जेक्ट्स** ।जर्नल ऑफ हैज़र्डस मटेरियल्स के 2022 के एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने री यूज़ की गई प्लास्टिक की बोतलों में संग्रहीत नल के पानी का परीक्षण किया।

# खाने के समय और बाद में बढ़ जाता है ब्लड शुगर लेवल




डायबिटीज के रोगियों की सबसे बड़ी समस्या यही है कि खाना खाते ही उनका ब्लड शुगर लेवल अचानक बढ़ जाता है। और यह खतरनाक हो सकता है। इसलिए इसे कंट्रोल किया जाना जरूरी है। आज के समय में बढ़ते ब्लड शुगर की समस्या बिल्कुल कॉमन हो गई है। डायबिटीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए इंडिया को इसका कैपिटल कहा जाने लगा है। आपका खानपान ब्लड शुगर लेवल को सबसे अधिक प्रभावित करता है। खाने का समय, तरीका और मात्रा इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। खासकर ये डायबिटीज के मरीजों को अधिक प्रभावित करता है। ऐसे में इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी है। न्यूट्रीशनिस्ट, हेल्थ कोच और फंग्शनल मेडिसिन स्पेशलिस्ट नेहा रंगलानी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खाना खाने के पहले, बाद और खाने के दौरान बढ़ते ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने के कुछ टिप्स दिए हैं , तो चलिए जानते हैं, इस बारे में अधिक विस्तार से।

**खाना खाने के बाद आखिर क्यों बढ़ जाता है ब्लड शुगर लेवल**–ब्लड शुगर लेवल तब होता है जब खाने के तुरंत बाद आपके ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है। कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थ खाने के बाद सभी लोगों में यह एक सामान्य समस्या है। जब ऐसा होता है, तो पैंक्रियाज में दो महत्वपूर्ण प्रतिक्रियाएं होती हैं- इंसुलिन रिलीज होना और एमिलिन नामक हार्मोन का रिलीज होना।इंसुलिन ग्लूकोज को ब्लड स्ट्रीम से बाहर और सेल्स में ले जाने का काम करता है। इसमें बस कुछ ही मिनट लगते हैं। एमाइलिन भोजन को स्मॉल इंटेस्टाइन (जहां अधिकांश पोषक तत्व अवशोषित होते हैं) तक तेजी से पहुंचने से रोकने में मदद करता है। अधिकांश समय, खाने के बाद अस्थाई रूप से ब्लड शुगर में वृद्धि देखने को मिल सकती है। यहां तक कि वे ध्यान देने योग्य भी नहीं होती है।लेकिन डायबिटीज के मरीजों में भोजन के बाद की ये सामान्य प्रतिक्रियाएं बाधित होती हैं। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में, पैंक्रियाज इंसुलिन बनाता है, लेकिन सेल्स उस पर वैसी प्रतिक्रिया नहीं करतीं जैसी उन्हें करनी चाहिए। इसे इंसुलिन प्रतिरोध कहा जाता है। **इन तरीकों से करें लहसुन को डाइट में शामिल**–लहसुन की बदबू उसे खाने से रोकती है, तो इन 5 तरीकों से करें लहसुन को डाइट में शामिल ग्लूकोज सेल्स में नहीं पहुंच पाता, इसलिए ब्लड शुगर का स्तर तेजी से बढ़ जाता है।

# प्रीटर्म बर्थ का कारण बन सकता है प्रेगनेंसी में खाया गया फास्ट फूड

महिलाओं को प्रेगनेंसी के दौरान अल्ट्रा.प्रोसेस्ड और फास्ट फूड के सेवन से बचकर रहना चाहिए। इन फूड्स में चीनी और नमक की अधिकता के साथ अनहेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जिसका असर बच्चे की ग्रोथ पर भी पड़ने लगता है। अगर आप गर्भावस्था से गुज़र रही हैं, तो दवाओं का ख्याल रखने के साथ आहार को ख्याल रखना भी ज़रूरी है। अपने साथ साथ बच्चे के स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए उचित आहार लेना आवश्यक है। इसमें कोई दोराय नहीं कि महिलाओं को ऐसे समय में खट्टा, कुछ मीठा और तीखा खाने की क्रेविंग होने लगती है। मगर कुछ भोजन ऐसे हैं, जिन्हें खाने से शरीर कई समस्याओं का शिकार हो सकता है। जर्नल एनवायरमेंटल इंटरनेशनल के रिसर्च के अनुसार महिलाओं को प्रेगनेंसी के दौरान अल्ट्रा.प्रोसेस्ड और फास्ट फूड के सेवन से बचकर रहना चाहिए। इन फूड्स में चीनी और नमक की अधिकता के साथ अनहेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जिसका असर बच्चे की ग्रोथ पर भी पड़ने लगता है। **क्यों है अल्ट्रा प्रोसेस्ड और फास्ट फूड प्रेगनेंसी में नुकसानदायक**–गर्भावस्था के दौरान डाइट में संतुलित और पौष्टिक आहार को बनाए रखना ज़रूरी है। दरअसल, अल्ट्रा.अनप्रोसेस्ड और फास्ट फूड खाने से शरीर को कई प्रकार के नुकसान झेलने पड़ते हैं। जर्नल एनवायरमेंटल इंटरनेशनल की एक स्टडी के अनुसार इन फूड्स में पाया जाने वाला थैलेट केमिकल प्लास्टिक के सामान को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसे रैपिंग और पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है।इस केमिकल का मकसद प्लास्टिक के सामान को मज़बूती प्रदान करना है। रिसर्च के अनुसार ये रसायन गर्भावस्था के समय रक्तप्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं और प्लीसेंटा से होता हुआ भ्रूण के रक्तप्रवाह तक पहुंच जाता हैं। रिसर्च के अनुसार गर्भावस्था के दौरान थैलेट इनटेक से फीटस में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन की समस्या बढ़ जाती है। रिसर्च के अनुसार इसके चलते बच्चे में लो बर्थ वेट, प्रीटर्म बर्थ, मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर जैसे ऑटिज़्म और हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर की शिकायत हो सकती है। इससे मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव दिखने लगता है। ऐसे में इस प्रकार के फूड्स का सेवन करने से बचें। **जानें गर्भावस्था के दौरान फास्ट फूड का सेवन करने के दुष्प्रभाव** –इस बारे में हेल्थ शॉटस की टीम से बातचीत करते हुए नूट्रिशनिस्ट और हॉलिस्टिक वेलनेस कोच इशांका वाही ने कई बातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे महिलाओं को अक्सर वेटगेन, गेस्टेशनल डायबिटीज़ और पोषण की कमी का सामना करना पड़ता है। इसका असर बच्चे और मां दोनों की ही ओवरऑल हेल्थ व ग्रोथ पर नज़र आने लगता है। जानते हैं महिलाओं और बच्चे में किन समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

# हरे बेर का स्वास्थ्य लाभ लेना है तो इन रेसिपीज को करें ट्राई



फाइबर से भरपूर बेर को ताज़ा या ड्राइड फॉर्म में भी खा सकते हैं। फल को खाने के अलावा इसके पल्प से कई रेसिपीज़ भी तैयार की जाती है। जानते हैं इससे तैयार होने वाली 4 रेसिपीज । चाइनीज़ डेट्स के नाम से मशहूर इस फल से कई हेल्दी रेसिपीज़ तैयार होती हैं। जानते हैं इससे तैयार होने वाली 4 रेसिपीज । बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही बाज़ारों में बेर की आमद शुरू हो जाती है। अपने खट्टे मीठे स्वाद के लिए मशहूर इन बेरों में पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। फाइबर से भरपूर इस फल को ताज़ा या ड्राइड फॉर्म में भी खा सकते हैं। फल को खाने के अलावा इसके पल्प से कई रेसिपीज़ भी तैयार की जाती है। कई शारीरिक समस्याओं को दूर करने में कारगर इस फल को खाने से शरीर हेल्दी और मज़बूत बनता है। चाइनीज़ डेट्स के नाम से मशहूर इस फल से कई हेल्दी रेसिपीज़ तैयार होती हैं। जानते हैं इससे तैयार होने वाली रेसिपीज। इस बारे में बातचीत करते हुए नूट्रिशनिस्ट नुपुर पाटिल का कहना है कि बेर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंटस प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे मौसमी बीमारियों का जोखिम कम हो जाता है। इसमें मौजूद फाइबर की मात्रा डाइजेशन को इंप्रूव करती है, जिससे पेट संबधी हल हो जाती है। इसके सेवन से मेंटल हेल्थ बूस्ट होती है। इसे खाने से शरीर रिलैक्स महसूस करने लगता है। इससे शरीर में बढ़ने वाली थकान को कम किया जा सकता है। **जानें कैसे करें तैयार**–इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले कढ़ाई में तेल डालकर जीरा और कलौंजी डालें और कुछ देर तक पकाएं।अब अदरक डालकर कुछ देर तक पकाएं और हल्का सुनहरा होने के बाद कटे हुए बेर पैन में डाल दें।अदरक के साथ बेर के स्लाइज़ डालें और कुछ देर तक पकाएं। 15 मिनट तक लो फ्लेम तक इसे पकाएं।पकने के बाद लालमिर्च, हल्दी और नमक डालकर पूरी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद नींबू का रस उपर से डालें।रेसिपी पकने के बाद इसमें स्वादानुसार शक्कर को एड कर दें। इससे स्वाद में हल्की मिठास आने लगती है।एक पैन में पानी को डालकर कुछ देर के लिए उबालें और उसमें गुड़ डालकर उसे मैल्ट करें।अब उसमें काला नकम, सादा नमक, जीरा पाउडर, लाल मिर्च, काली मिर्च व नमक डाल दें।एक तार की चाशनी बना लेने के बाद बेर को धोकर कुकर में डाल दें और पकने के लिए छोड़ दें।कूकर में बेर को मध्यम आंच पर पकने दें।

# लहसुन की बदबू उसे खाने से रोकती है,तो इन तरीकों से करें लहसुन को डाइट में शामिल



यदि लहसुन खाने का सही तरीका मालूम हो तो कई तरह की बीमारियों का जोखिम नहीं रहता है। शोध विशेषज्ञ भी इसे सही तरीके से भोजन में शामल करने पर जोर देते हैं। कई बीमारियों से हमें दूर रख सकता है लहसुन। भारत में सदियों से खाद्य आहार के साथ-साथ बीमारियों के इलाज के लिए भी लहसुन खाया जाता रहा है। दरअसल, पहले लोग लहसुन खाने का सही तरीका जानते थे। अब जानकारी के अभाव में इसे ठीक ढंग से नहीं खाया जा रहा है। इन दिनों लहसुन पर खूब रिसर्च हो रहे हैं। शोध विशेषज्ञ भी इसे सही तरीके से भोजन में शामल करने पर जोर दे रहे हैं। आइये जानते हैं स्वास्थ्य लाभ के लिए लहसुन खाने का सही तरीका क्या होना चाहिए?

**लहसुन के पोषक तत्व**– एंटीऑक्सीडेंट जर्नल के अनुसार, लहसुन में पोटेशियम, फास्फोरस, जिंक और सल्फर का हाई लेवल होता है। साथ ही, सेलेनियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, आयरन, सोडियम, विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स भी मौजूद होते हैं।

**कैसे शरीर पर काम करता है लहसुन** –एंटीऑक्सीडेंट जर्नल बताता है कि लहसुन सर्दी-जुकाम को ठीक करने से लेकर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इसमें एलिसिन केमिकल होता है, जो एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट है। यह शरीर पर विशेष रूप से काम करता है। इसके बायोएक्टिव कम्पाउंड ब्लड में फैट को सीमित करता है। मांसपेशियों को आराम देता है। ब्लड प्रेशर कण्ट्रोल कर हार्ट को भी स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। यह प्रतिरक्षा कार्य को बढ़ा सकता है।

**1 कच्चा लहसुन खाएं**–हर दिन डाइट प्लान में कम से कम एक खुराक या 2 कली लहसुन शामिल करें। सब्जी-दाल के साथ लहसुन पका कर खाने की बजाय यदि कच्चा लहसुन खाया जाए, तो यह सबसे अधिक फायदा देता है। कच्चे और पके हुए लहसुन का मिश्रण इस सब्जी के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।

**खाली पेट 2 कली लहसुन**–यदि खाली पेट रोज 2 कली लहसुन खाया जाये, तो यह सबसे अधिक फायदा देता है। लहसुन को कूटने, काटने या पीसने से स्वास्थ्य के लिए लाभकारी यौगिक निकल सकते हैं। कच्चा लहसुन खाने से ब्लड वेसल्स को साफ़ कर ब्लड प्रेशर नियंत्रित करता है। कच्चे लहसुन को ताजे टमाटर और तुलसी के कुछ पत्तों साथ कूटकर कीमा बना कर खाएं। इसका उपयोग पास्ता, ब्रेड या सलाद के ऊपर किया जा सकता है। टमाटर, नींबू और लहसुन के रस को मिला कर खाया जा सकता है।यदि खाली पेट रोज 2 कली लहसुन खाया जाये, तो यह सबसे अधिक फायदा देता है।



# नामकरण संस्कार पर अनोखी पहल: पौत्री के अवसर पर छात्रावास निर्माण हेतु 6100 रुपये भेंट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर/नापासर।**



समाज में प्रचलित पारंपरिक आयोजनों को नई दिशा देते हुए नापासर के उत्तरादा बास में एक प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। रामचंद्र परिहार ने अपनी पौत्री डिंपल पड़ीहार के नामकरण संस्कार के शुभ अवसर पर डॉ. अंबेडकर छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु 6100 रुपये की सहयोग राशि भेंट की। यह सहयोग राशि शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से दी गई। समारोह के दौरान छात्रावास संचालन समिति के सचिव सोहनलाल गोयल ने समाज के प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि विवाह, जन्मदिन, गृह प्रवेश और मायरा जैसे खुशी के अवसरों पर दान की परंपरा में शिक्षा संस्थानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग मंदिर, गौशाला या अन्य धार्मिक कार्यों में सहयोग करते हैं, जो सराहनीय है, लेकिन समाज और देश के वास्तविक विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना तैयार करना समय की आवश्यकता है। छात्रावास निर्माण में सहयोग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।रामचंद्र परिहार एवं उनके पुत्र लीलाधर पड़ीहार द्वारा दी गई यह राशि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक परंपराओं को सकारात्मक दिशा देने का संदेश देती है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने इस पहल को क्रांतिकारी परंपरा बताते हुए सराहना की और कहा कि शिक्षा के विकास से ही समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। अंत में सोहनलाल गोयल ने पड़ीहार परिवार का आभार व्यक्त करते हुए अन्य परिवारों से भी इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। उपस्थित सभी लोगों ने नन्हीं डिंपल के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं।

# एसीजेएम कोर्ट के लिए विधायक ललित यादव का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**





अधिवक्ता बार संघ ने नीमराणा में मुंडावर विधायक ललित यादव का एसीजेएम कोर्ट खुलवाने में किए गए सहयोग के लिए फूल मालाओं व साफा पहनकर स्वागत किया। बार संघ के अध्यक्ष उदय सिंह यादव ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया और ADJ कोर्ट नीमराना मे खुलवाने बाबत ज्ञापन दीया व आगे भी सहयोग के लिए अपेक्षा की। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी, बार संघ उपाध्यक्ष अमित सोनी, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र, सचिव राकेश यादव, पुस्तकालय अध्यक्ष सुभीका कुमारी और अधिवक्ता रविंद्र सांमरिया, रामनिवास सांवरिया, पीतांबर, नोपेंद्र, प्रमोद प्राण, सूख सैनी, मनजीत, वीर सिंह यादव, योगेंद्र सिंह, सुभाष, चंद्र, अशोक, नफे सिंह, अजय सिंह, शमशेर सिंह, जितेंद्र, मकरध्वज शर्मा, अरविंद सिंह, ममता शर्मा, महावीर चर्खिया, जितेंद्र गुर्जर ने विधायक का सम्मान किया। बार संघ के सदस्यों ने ढोल नगाड़े बजाते हुए नारे लगाते हुए विधायक को कोर्ट परिसर तक लेकर गए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय यादव, अशोक दौरता, विक्रम सिंह, पूर्व सरपंच सतीश मुदगल, देवेंद्र जोशी, पूर्व उप चेयरमैन हरिसिंह सैनी, मनजीत बस वाला, विजय सिंह, मुकेश सिरोहीवाल, उदय सिंह, भरत सिंह, सरजीत धाकड़ यादव, रविंद्र यादव, प्रशांत शर्मा भी उपस्थित थे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश



**भीम प्रज्ञा न्यूज.खैरथल तिजारा।**

**रमेशचंद** । अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों का समय पर निस्तारण करने और एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए गए। शिवपाल जाट ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध आधार और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम और बाल नशा मुक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी रमेश देशमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, कृषि अधिकारी गोपाल लाल मीणा, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, वन विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता कार्यक्रम का आगाज: 'प्रोजेक्ट उड़ान' के तहत VWSC बैठक आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया एवं पर्नोड रिकार्ड इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'प्रोजेक्ट उड़ान' के अंतर्गत सोडावास ग्राम पंचायत भवन में ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से VWSC (ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 19 ग्राम विकास अधिकारियों (VDO) एवं VWSC सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी रुपेंद्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी देवेश कुमार एवं गजानंद कुमार तथा स्वच्छ भारत मिशन की समन्वयक पूजा यादव उपस्थित रहे। अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी रुपेंद्र कुमार ने सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने गांवों में VWSC बैठकों का नियमित आयोजन सुनिश्चित करें तथा अधिकतम सदस्यों की उपस्थिति पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन समय पर पहुंचे, जहां भी प्लास्टिक कचरे का ढेर हो उसे तत्काल साफ कराया जाए और प्रत्येक माह ग्रामीणों के सहयोग से कम से कम एक बार श्रमदान गतिविधि आयोजित की जाए।बैठक में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने और ग्राम स्तर पर सामुदायिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रोजेक्ट उड़ान की मैनेजर प्रियंका सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से बहरोड़ एवं मुंडावर ब्लॉक के 30 गांवों में साफ-सफाई का आवश्यक सामान वितरित किया गया है, ताकि इच्छुक सदस्य ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रत्येक माह श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चला सकें। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# कचरा पात्र नहीं, पालिका बेपरवाह: गांधी चौक बना गंदगी व सांडों का अड्डा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल** । गांधी चौक पर कचरा पात्र नहीं लगाए जाने की गंभीर लापरवाही अब जनसुरक्षा और स्वच्छता दोनों के लिए खतरा बनती जा रही है। शहर के मुख्य चौराहे पर रोजाना व्यापारियों, ठेला और रेहड़ी संचालकों से निकलने वाला गत्ता, पॉलीथीन, सड़े-गले फल एवं खाद्य सामग्री का कचरा मजबूरी में बीच सड़क पर डाला जा रहा है। इससे चौराहे का सौंदर्य बिगड़ रहा है और सार्वजनिक स्थल पर गंदगी का ढेर लग रहा है। उड़ते कचरे से राहत पाने के लिए कई बार ढेर में आग लगा दी जाती है, जिससे धुआं और बदबू फैलती है। आसपास की दुकानों में धुआं घुसने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं खुले कचरे पर आवारा सांड और अन्य पशु जमा हो जाते हैं तथा आपस में भिड़ जाते हैं। इससे राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों पर हर समय दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता है। पूर्व में सांडों के हमलों और आपसी भिड़ंत में कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका बने करीब साढ़े तीन वर्ष हो चुके हैं, फिर भी गांधी चौक या आसपास कोई निर्धारित कचरा पात्र नहीं लगाया गया है और न ही कचरा डालने के लिए चिन्हित स्थान तय किया गया है। ऐसे में प्रतिदिन निकलने वाला कचरा शाम को चौराहे पर डालना उनकी मजबूरी बन गया है। हालांकि पालिका द्वारा अगले दिन सफाई कराई जाती है, लेकिन तब तक चौराहा गंदगी और आवारा पशुओं का अड्डा बना रहता है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि गांधी चौक पर तत्काल एक-दो बड़े कचरा पात्र निर्धारित स्थान पर रखवाए जाएं, ताकि कचरा व्यवस्थित रूप से डाला जा सके और चौराहे की स्वच्छता एवं सौंदर्य बना रहे। उनका कहना है कि इससे आगजनी की घटनाओं पर रोक लगेगी, आवारा पशुओं का जमावड़ा कम होगा और संभावित दुर्घटनाओं से भी बचाव हो सकेगा। जनहित में यह बुनियादी सुविधा अब टालने योग्य नहीं रही है और पालिका प्रशासन को शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# सचिन भास्कर बनें बैंक ऑफिसर



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

ग्राम बासनी बैरास निवासी भू अभिलेख निरीक्षक ताराचंद ढुकिया के भांजे फतेहपुर तहसील अंतर्गत ताजसर निवासी सुरेश भास्कर के सुपुत्र सचिन भास्कर का चयन राजस्थान ग्रामीण बैंक में ऑफिसर के पद पर हुआ है। सचिन के चयन पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# विष्णु सैनी बने बैंक अधिकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



गुजरात ग्रामीण बैंक में चूरु निवासी विष्णु इंदौरिया पुत्र राधेश्याम सैनी का चयन अधिकारी के पद पर हुआ है । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय लीलाधार सैनी स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया, हरीश इंदौरिया बैंक ऑफ़ बड़ौदा,अनिल कुमार सैनी लक्ष्मणगढ़ राजस्थान ग्रामीण बैंक, श्रीमती सरोज सैनी स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया सहित परिजनों को दिया है । विष्णु के चयन पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों को दिया है।

# पुस्तकें ज्ञान मार्ग का रास्ता प्रशस्त करती हैं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**




मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा ने शहीद लियाकत अली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खीरवा का निरीक्षण कर विद्यालयों की भौतिक एवं शैक्षिक स्थिति तथा पुस्तकालय एवं वाचनालय के पठन कौशल की प्रवाहशीलता का आंकलन कर उपलब्ध पुस्तकों एवं संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने सम्बंधित गतिविधियों के आयोजन करने की आवश्यकता जताई। संस्था प्रधान रोहिताश्व कुमार सैनी ने पुस्तकालय का अवलोकन करवाते हुए बताया कि पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं।विद्यार्थियों की शिटिंग व स्वाध्याय व्यवस्था भी शानदार हैं। सन्दर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने पठन को ज्ञान प्राप्ति का मार्ग बताते हुए कहा कि पुस्तकों के पठन से बाह्य दुनियाँ का का ज्ञान होता हैं।विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए अधिकाधिक पुस्तकें उपलब्ध करवाक जैसे कहानी पुस्तकें, चित्रात्मक पुस्तकें, महापुरुषों की जीवनियाँ, गद्य पद्य,उपन्यास, पहेली और पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने का अवसर प्रदान करें। उप प्रधानाचार्य भंवरलाल एवं पुस्तकालय प्रभारी ने पुस्तकालय व वाचनालय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# होली व धुलण्डी को लेकर बुहाना थाना परिसर में सीएलजी व शांति समिति की बैठक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**




आगामी होली एवं धुलण्डी पर्व के मद्देनज़र पुलिस थाना बुहाना परिसर में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व वृताधिकारी बुहाना नोपाराम भाकर (आरपीएस) ने किया।बैठक में रामेश्वरलाल एएसआई, थाना प्रभारी सहित थाना व यातायात पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। इसके अलावा कस्बा बुहाना एवं ग्रामीण क्षेत्र के सीएलजी सदस्य, शांति समिति सदस्य, आशा सहयोगिनी, ग्राम रक्षक, व्यापार मंडल प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन तथा मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।वृताधिकारी नोपाराम भाकर ने उपस्थित नागरिकों से होली एवं धुलण्डी का पर्व आपसी भाईचारे, धार्मिक सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान शराब पीकर उत्पात मचाने वालों, कानून-व्यवस्था भंग करने वालों तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, धार्मिक या सामाजिक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं और सुझाव रखे गए, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। आपसी समन्वय और सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की प्रतिबद्धता के साथ बैठक का समापन किया गया।

# बाबा श्याम की पैदल यात्रा मोलावास से खाटू श्याम बाबा के लिए रवाना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मुंडावर।**



**रमेशचंद्र** । उपखंड के गांव मोलावास से 23 फरवरी शोमवार को बाबा लाल दास मँदिर मोलावास से खाटू श्याम बाबा के लिए पैदल यात्रा रवाना की गई। इस अवसर पर धाकड़ यादव, बलवान यादव, कृष्ण, लीलाराम शर्मा, गोपाल, निहाल, महेश, हिम्मत सिंह, मुकेश, रामकिशन, कपिल, हेमंत, शिशराम और अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। बाबा श्याम की यात्रा आज 23 फरवरी 2026 को सुबह 8:15 बजे बड़े धूम धाम डीजे के साथ रवाना की गई। यह चार दिन की यात्रा रहेगी और 27 फरवरी 2026 को बाबा के दर्शन किए जाएंगे। यात्रा में 15 महिला और 25 पुरुष शामिल हुए हैं, जिनमें लीलाराम शर्मा, हिम्मत, महेश, पंकज, निहाल, शीशराम, आकाश, मुकेश, कपिल, सुमन, शर्मिला आदि शामिल हैं। यात्रा को धाकड़ यादव, कृष्ण यादव, बलवान, मोहित, बिट्टू, रमन, गोपाल, हेमंत, रामकिशन आदि लोगों ने रवाना किया। इस अवसर पर सभी ने बाबा श्याम की जयकार की और उनकी यात्रा मंगलमय होने की कामना की।

# अवैध भूजल दोहन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार** । जिले में अवैध भूजल दोहन की रोकथाम के संबंध में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव एवं उपखंड अधिकारी महिमा कसाना की मौजूदगी में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में भू जल विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान राज्य ओधौगिक विकास एवं रीको सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण केन्द्रीय बैंच, भोपाल के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में हो रहे अवैध भूजल दोहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम द्वारा बिना अनुमति प्राप्त संचालित टयूबवैल/बौरवेल से किए जा रहे अवैध भूजल दोहन को रोकने हेतु भू जल निकासी संरचनाओं को अविलम्ब सील करने एवं उनका विद्युत संबंध को अविलम्ब विच्छेद की कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। भविष्य में नए विद्युत कनेक्शन प्रदान करते समय संबंधित औद्योगिक इकाईयों से यह सुनिश्चित कराया जाए कि वे अवैध भूजल दोहन नहीं करेंगे साथ ही संबंधित विभाग से भूजल आपूर्ति हेतु अनुमति प्राप्त करेंगे। इसके लिए अनिवार्य रूप से शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिले के समस्त संबंधित उपखण्ड अधिकारियों एवं प्रभारी अधिकारियों को निर्देषित किया गया कि जिले में कहीं भी अवैध भू जल दोहन किया जाना पाया जाता है, तो अवैध भूजल दोहन के विरुद्ध निरंतर निगरानी एवं प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 से 21 के प्रावधानों के तहत कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# पिलानी विधानसभा को बड़ी सौगात: 5 उप-स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के लिए 2.75 करोड़ रुपए स्वीकृत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

भाजपा नेता राजेश दहिया के प्रयासों से पिलानी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। क्षेत्र के



पाँच प्रमुख उप-स्वास्थ्य केंद्रों, जो अब तक स्वयं के भवन के अभाव में संचालित हो रहे थे, उनके नवीन भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। ?राजेश दहिया ने बताया कि इस वित्तीय स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा ढांचा मजबूत होगा और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त किया। स्वीकृत राशि के तहत पिलानी क्षेत्र के बेरी, खुडानिया, कुरेसीनगर, खुडाना, मालीगाँव इन 5 चिन्हित स्थानों पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त भवनों का निर्माण होगा। भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने से इन गाँवों और आसपास की ढाणियों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि नए भवन बनने से टीकाकरण और प्राथमिक उपचार जैसी सेवाओं के लिए उन्हें अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# बीकानेर देहात कांग्रेस ने 28 फरवरी की जनसभा हेतु विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



**सोहनलाल परिहार** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 28 फरवरी 2026 को प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) ने संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग की स्वीकृति के बाद जिला महासचिव (संगठन) प्रहलाद सिंह मार्शल ने जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। जारी सूची के अनुसार खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के लिए डॉ. प्रीति मेघवाल, कोलायत के लिए केदारमल, लूणकरनसर के लिए सत्तू खां, श्रीडूंगरगढ़ के लिए पृथ्वीराज कूकणा तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र के लिए ओमप्रकाश मेघवाल को प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, एआईसीसी व पीसीसी सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्षों, नगर निकाय प्रतिनिधियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्हें अपने क्षेत्र में चल रही तैयारियों एवं गतिविधियों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट जिलाध्यक्ष को नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य पंचायत समिति से लेकर नगर निकाय स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं एवं समर्थित जनप्रतिनिधियों को सक्रिय करना है, ताकि प्रस्तावित जनसभा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाया जा सके।

# सूरजगढ़ से खाटूधाम के लिए रवाना हुआ 378वीं प्राचीन निशान चिड़ावा बाईपास पर सुरेंद्र सैनी की टीम ने किया भव्य स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



आस्था और विश्वास के संगम के साथ सूरजगढ़ धाम स्थित प्राचीन मंदिर से बाबा खाटू श्याम के लिए विशाल पैदल 378 वीं निशान यात्रा रवाना हुई। मनोहर लाल सैनी के नेतृत्व में सोमवार को आयोजित इस यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद किया गया। इस जत्थे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें महिलाएं सिर पर सिगड़ी (अखंड ज्योति) धारण कर मंगल गान करती हुई नजर आईं।

## चिड़ावा बाईपास पर उमड़ी भीड़:

निशान जत्था जैसे ही चिड़ावा-सूरजगढ़ बाईपास स्थित सेही रोड के समीप पहुँचा, वहाँ मौजूद श्याम भक्तों ने बाबा के निशान का जोरदार स्वागत किया। सुरेंद्र सैनी के नेतृत्व में प्रहलाद सैनी, मनोज सैनी, संजय कटारिया, आशीष सैनी, गिरधारी लाल सैनी और अरविंद सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने निशान के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रमोद हलवाई, माडू गुर्जर, कृष्ण कुमार, शशिकांत कटारिया, महेश इन्दोरिया और जोनी मासूम सहित अन्य भक्तों ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का अभिनंदन किया। पूरे मार्ग में 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं के अनुसार, बाबा की भक्ति का यह उत्साह फाल्गुन मेले के समापन तक इसी प्रकार जारी रहेगा।

# लक्ष्मणगढ़ की मोनिका सैनी बनी बैंक ऑफिसर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



लक्ष्मणगढ़ निवासी रतनलाल सिंगोदिया हाल निवासी जयपुर की सुपुत्री मोनिका सैनी का चयन गुजरात ग्रामीण बैंक में ऑफिसर के पद पर हुआ है।राजेन्द्र सैनी ने बताया हैं मोनिका के चयन पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# भक्ति का स्वर्ण अध्याय, बाबू लाल वर्मा की 50वीं 'गोल्डन जुबली' पदयात्रा चिड़ावा से रवाना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के गगनभेदी जयकारों और चंग की थाप के बीच सोमवार को श्री श्याम सेवा समिति (रेलवे स्टेशन) के तत्वाधान में एक ऐतिहासिक भक्ति यात्रा का आगाज़ हुआ। समिति के संरक्षक और वरिष्ठ श्याम प्रेमी बाबू लाल वर्मा के नेतृत्व में उनकी 50वीं (गोल्डन जुबली) निशान पदयात्रा प्रातः 5:15 बजे श्री चमत्कारी बालाजी धाम से खाटू धाम के लिए रवाना हुई। सूरजगढ़ निशान के सानिध्य में शुरू हुई इस यात्रा को लेकर बाबू लाल वर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि यह बाबा श्याम की असीम अनुकम्पा है कि उन्होंने इस पड़ाव तक पहुँचाया। उन्होंने अपनी भक्ति यात्रा के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि वे वर्ष 2003 और 2004 में मात्र 25 घंटों की 'नॉन-स्टॉप' यात्राएं भी पूर्ण कर चुके हैं।

यह पदयात्रा गुढ़ा गौड़जी, उदयपुरवाटी और मंडा में रात्रि विश्राम करते हुए 26 फरवरी को खाटू धाम पहुँचेगी। यात्रा में सोहनलाल, श्रीराम, विजेंद्र वर्मा, प्रेम सैनी, विनोद मीणा, सूरत सिंह यादव, ओमप्रकाश, नरेश सैनी, सुरेंद्र वर्मा और रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में पदयात्री श्याम भजनों पर झूमते हुए साथ चल रहे हैं। 26 तारीख को बाबा के चरणों में शीश नवाकर देश-प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की कामना के साथ यात्रा का विधिवत समापन होगा।

# आठ दिवसीय गीता ज्ञान उपदेश का हुआ शुभारंभ

## (भगवा यात्रा से प्रारंभ हुआ श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान उपदेश)

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** दिव्य सत्संग, सनातन हिंदू जागरण व चिंतन शिविर नवलगढ़ हनुमान जी की ढाणी स्थित शहर का बालाजी में आठ दिवसीय भगवत गीता उपदेश का शुभारंभ हुआ मुख्य उपदेश अंतर्राष्ट्रीय गीता उपदेश गौर के योगपीठ मांडव के कर्मयोगी की संत योगी मोहन नाथ महाराज ने गीता के महात्मय पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान गणेश द्वारा लिखित भगवान वेदव्यास द्वारा रचित भगवान कृष्ण की वाणी है श्रीमद् भागवत गीता। यह सनातन हिंदू धर्म का पावन पवित्र शास्त्र है इसका ज्ञान प्रत्येक हिंदू को होना चाहिए दोपहर 1:00 बजे से 3:30 बजे तक 2 मार्च तक प्रतिदिन पाठ होगा सांयकालिन हनुमान चालीसा पाठ 7:00 बजे से 8:00 बजे तक व सनातन संस्कृति की 16 संस्करण की कक्षा प्रातः 7:00 बजे योग व निशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श का आयोजन रहेगा।समस्त हनुमान जी की ढाणी व नवलगढ़ वासी पुजारी अनिल शर्मा ने सभी का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया।

# प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत किया श्रमदान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन मुखी नरोत्तम चौहान एवं नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चोटियां के द्वारा रामदेवरा चौक नवलगढ़ में किया गया। मिशन के श्रद्धालुओं ने मंदिर के पास फैली प्लास्टिक एवं अपशिष्ट को हटाकर सफाई कार्य किया। सफाई अभियान के बाद रामदेवरा चौक में निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया सत्संग में मुख्य वक्ता फतेहपुर के संत रामप्रसाद ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जीवन में स्वच्छता अपनाने के साथ सेवा सुमिरन सत्संग भी करने पर जोर दिया। इस सफाई अभियान में हरिराम बागड़ी, सुरेश गवारिया, बिरज लाल , सेवादल शिक्षक रवि चावला , सेवादल संचालक तनसुख कुमावत, मदन मोहन , विकास गवारिया, प्रमोद चावला, सतवीर कुमावत, मंगलचंद चावला, मोनू चावला,मनोज चौहान, सज्जन चावला, लोकेश , अर्जुन , रोहित दायमा, दीपचंद सैनी, गौरी शंकर सांखला, आनंदी , सीमा , अर्चना , प्रिया , कंचन सहित काफी श्रद्धालु उपस्थित रहे।बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया गया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये गये इस परियोजना की समाज के हर वर्ग द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई और यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

# कुम्हार समाज नवलगढ़ की साधारण सभा की हुई बैठक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति, नवलगढ़ कार्यकारिणी की साधारण सभा की बैठक 22 फरवरी 2026 रविवार को विश्वकर्मा मंदिर चुणा चौक में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता कार्यकारिणी के अध्यक्ष सीताराम घोड़ेला ने की। सचिव सुरेश कारगवाल ने बैठक लेते हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्यों का स्वागत किया एवं विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सुझाव आमंत्रित किये। बैठक में कार्यकारिणी की आगामी योजना,नवलगढ़ क्षेत्र के समाज बंधुओ को संगठित करने एवं सूची बनाने तथा नवलगढ़ स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कराने का प्रस्ताव आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष सीताराम घोड़ेला, उपाध्यक्ष ताराचंद लुहानिवाल, सचिव सुरेश कारगवाल, सांवरमल टाक, राजूराम किरोडीवाल, विनोद लुहानीवाल, सहसचिव सहीराम खटोड़, जनार्दन घोड़ेला, महावीर नोखवाल आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति टीम ने डोर टू डोर अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** जिला को नशामुक्त बनाने और समाजिक जागरूकता की दिशा में रेवाड़ी पुलिस का प्रयास निरंतर जारी है। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित की गई नशा मुक्ति टीम ने डोर टू डोर अभियान दौरान गांव बिसोहा व गढ़ी में सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया । इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो । पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो । अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें । नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। उन्होंने ग्रामीणों को 'Say Yes to Life, No to Drugs' अभियान से जुड़ने का आह्वान किया व सभी को नशामुक्त रेवाड़ी बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। किसी भी साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें आपकी गोल्डन ऑवर में दी गई शिकायत पर ठगों के खातों में जाने से पहले उन्हें फ्रीज कराया जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी और कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है । नशा मुक्ति टीम ने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि यदि आपके संज्ञान में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना MANAS हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और साथ मिलकर नशा मुक्त रेवाड़ी - सुरक्षित रेवाड़ी का संकल्प लेते हुए शपथ भी ली ।

# हिंदुस्तान पब्लिक सलीमपुर में अंग्रेजी विषय ओलंपियाड उम्दा प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर के छात्रों ने अंग्रेजी विषय ओलंपियाड में मारी बाजी। इस प्रतियोगिता में स्कूल छात्रों ने स्वर्ण रजत और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है यह अद्भुत और समर्पण का परिणाम है इस प्रतियोगिता में 98 प्रतिभागियों ने पदक प्राप्त किए हैं 52 प्रतिभागियों को स्वर्ण 38, रजत तथा आठ प्रतिभागियों को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में नमन पुत्र नरेंद्र कुमार गांव सलीमपुर ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया और प्रतियोगिता में जिन प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए बाल श्रेष्ठ सम्मान तथा अंग्रेजी प्रतिभा सम्मान प्राप्त किए हैं इस प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागी और उनको प्रेरित करने वाले उनके शिक्षक और अभिभावक प्रशंसा के पात्र हैं सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार की तरफ से बहुत-बहुत बधाई दी। इस मौके पर निदेशक राकेश यादव ने बताया कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। स्कूल में खेल गतिविधियों का आयोजन करने का यही उद्देश्य है कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन के साथ मिलकर काम करने व लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से आगे बढ़ने की भावना विकसित होती है।

# सीए ललित मोदी का विद्या मंदिर परिवार ने किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मुकुन्दगढ़।**



**कमल किशोर पंवार ।** आदर्श विद्या मंदिर, मुकुन्दगढ़ के पूर्व छात्र,भैया ललित मोदी(C.A.) के विद्या मंदिर में आने पर माध्यमिक विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य दीनदयाल स्वामी एवं प्राथमिक के प्रधानाचार्य बृजेन्द्र महर्षि ने भैया ललित मोदी (सीए) को दुपट्टा पहनाकर एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीए ललित मोदी ने बताया कि विद्या मंदिर द्वारा विद्यार्थियों को दिए जाने वाले संस्कार जीवन में सदैव काम आते है।भारतीय आध्यात्म, संस्कार, स्वाबलंबन, नेतृत्व आदि गुणों का विकास विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में दिए जाते है मर्यादा और अनुशासन के कारण आज जिस मुकाम पर में हूं उसका श्रेय विद्यामंदिर के गुरुजनों को जाता है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन, किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वान

## भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**




**भांडोरिया ।** हमेटी जींद के सौजन्य से प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर 21 से 23 फरवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें पांच जिलों से आए किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वंदना पोपली ज़िला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील किसानों एवं आयोजकों को प्राकृतिक खेती जैसे पुनीत कार्य को बढ़ाने की मुहिम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश गंभीर खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था। उस दौर में किसानो ने गेहूं और चावल के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि की और देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया । उस समय हमारी प्राथमिकता 'अधिक उत्पादन' थी, लेकिन अब समय की मांग बदल चुकी है। आज आवश्यकता केवल मात्रा (क्वांटिटी) बनाए रखने की नहीं, बल्कि गुणवत्ता (क्वॉलिटी) सुनिश्चित करने की है। लगातार रासायनिक खादों, पेस्टिसाइड्स और इन्सेक्टिसाइड्स के अत्यधिक उपयोग ने भूमि की उर्वरता, जल स्रोतों और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। डॉ. पोपली ने कहा कि अब हमें प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाने होंगे। प्राकृतिक खेती न केवल लागत को कम करती है, बल्कि मिट्टी की सेहत को सुधारती है और रसायनमुक्त, पौष्टिक अनाज उपलब्ध कराती है। यह खेती का वह मॉडल है जो किसान, उपभोक्ता और पर्यावरण - तीनों के हित में है।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे प्राकृतिक खेती अपनाएं तथा अपने गांवों में इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। सरकार भी किसानों को इस दिशा में प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।अपने संबोधन में कहा कि कृषि में पशुधन का विशेष महत्व है, जो किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन व कृषि एवं किसान हितैषी परियोजनाओं के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिकों के निरंतर संपर्क में रहकर तथा कृषि एवं बागवानी विभाग के सहयोग से प्राकृतिक खेती अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने का आह्वान किया। ज़िला बाग़वानी अधिकारी डॉ. मंदीप यादव ने विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी साँझा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से लागत कम कर बागवानी फसलों के माध्यम से आमदनी बढ़ाई जा सकती है। डॉ. नरेंद्र यादव ने बिना रसायनों के फसलों में रोग नियंत्रण के विभिन्न तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक एवं प्राकृतिक तरीकों से फसलों को स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. जोगिंदर सिंह यादव, डीन, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने कहा कि वर्तमान समय में मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट, जलवायु परिवर्तन और बढ़ती खेती लागत को देखते हुए प्राकृतिक खेती की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 60 किसानों ने व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर प्रमाणपत्र हासिल किए। डॉ. अनिल यादव, खंड कृषि अधिकारी ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी और सलाह सेवाओं की जानकारी दी तथा मिट्टी जांच के आधार पर खेती करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर हमेटी, धारुहेड़ा एग्रो फार्म, अरावली किसान क्लब कल्याण रेवाड़ी, कृषि एवं बागवानी विभाग तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की सेहत में सुधार होता है और किसानों की आय लंबे समय तक स्थिर रहती है। मास्टर ट्रेनर एवं सी आर पी सुरेश कुमार ने अपने आठ साल के अनुभव साँझा किए। क्रिशन निमोठ ने प्राकृतिक खेती के महत्वपूरण अंग गोपालन पर विशेषतौर पर अपने अनुभव साँझा किए। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक खेती का क्षेत्रफल बढ़ाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने में के आर मंगलम विश्वविद्यालय भी अहम भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण शिविर का समापन किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में अरावली किसान क्लब कल्याण रेवाड़ी का विशेष सहयोग रहा व रामनिवास, सत्यवान धनखड, मास्टर सुरेश एवं मास्टर राकेश ने विशेष योगदान दिया। सभी प्रतिभागियों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# मंडावरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण, हजारों लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**





झुंझुनूं जिले की उदयपुरवाटी तहसील के ग्राम मंडावरा में रविवार को 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह ऐतिहासिक समारोह सांगलिया धूणी पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 108 श्री ओमदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने की, जबकि खंडेला विधायक सुभाष मील विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। समारोह में समाजसेवी मनोज घुमरिया, नगरपालिका चेयरमैन रामनिवास सैनी, मूर्ति भेंटकर्ता रिछपाल गोठवाल, समाजसेवी गीगराज जोड़ली एवं सुरेश मीणा (किशोरपुरा) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर समाजसेवी रामेश्वर कल्याण, हरिराम गुरावा, वेदप्रकाश वर्मा, सुभाष वर्मा, रोशन वर्मा, एडवोकेट हंसराज कबीर, पंचायत समिति सदस्य पवन वर्मा, हंसा वर्मा, भाजपा नेता सुरेन्द्र रसगनियां, राजेंद्र ढेनवाल, फूलचंद खारड़िया, लीलाधर ढेनवाल, सुभाष चंद सिंघल, भगवान सहाय पटवारी, अमरचंद इंदौरिया, आनंद कुमार वर्मा, कानदास महाराज, राजेश बागोली, उमराव वर्मा, पुरणमल किरोड़ी, गिरधारीलाल राठी, जितेंद्र बंसीवाला, सरपंच पवन वर्मा एवं ख्यालीराम दूड़िया सहित हजारों समाज बंधुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर कुलदीप सरिया एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत भीम भजनों ने वातावरण को ऊर्जा एवं उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन सत्यवान मानोता द्वारा किया गया।आयोजकों ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों, समाज बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन प्रेरणास्रोत सिद्ध होंगे।

# आध्यात्मिकता से मिलता है शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार: सुभाष बराला

## राज्यसभा सांसद ने हैप्पीनेस प्रोग्राम में दिया सकारात्मक जीवन का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** सपड़ा मोहल्ला स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय में सात दिवसीय गुड बाय टेंशन हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यक्रम में शामिल होकर ब्रह्माकुमारी बहनों एवं समस्त आयोजकों को इस उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी पहल के लिए साधुवाद देते हुए सभी के उज्ज्वल, सुखमय, स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन की मंगल कामना व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार और प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में मानसिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे समय में आत्मचिंतन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास व्यक्ति को आंतरिक शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागरूकता से व्यक्ति न केवल अपने जीवन को संतुलित और आनंदमय बना सकता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। उन्होंने इस पहल को समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नैतिक मूल्यों, आपसी सद्भाव और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं। तनाव मुक्त जीवन की दिशा में यह सात दिवसीय कार्यक्रम प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान, ध्यान साधना तथा सकारात्मक चिंतन की प्रेरणा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में बेहतर संतुलन स्थापित कर सकें।

राज्यसभा सांसद ने कहा वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार भी निरंतर योग और आध्यात्म को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहाँ 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई है, वहीं हरियाणा सरकार ने 'हरियाणा योग आयोग' का गठन कर 'योगशालाएं' स्थापित की हैं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने भी आध्यात्मिक सत्रों के माध्यम से जीवन में शांति, संयम और आत्मबल के महत्व पर प्रकाश डाला।

# समाधान शिविर में समस्याओं का त्वरित निस्तारण, नागरिकों ने की सराहना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में पहुंचे नागरिक, जहाँ एसडीएम ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर कई मामलों का मौके पर ही निवारण करवाया। इस दौरान परिवार पहचान पत्र से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए फॉरवर्ड किया गया।

एसडीएम ने शिविर में पहुंचे सभी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा प्रत्येक मामले के समाधान को सुनिश्चित करने के लिए दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी शिकायत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समयबद्ध तथा पारदर्शी तरीके से शिकायतों के निपटान को सुनिश्चित करें, ताकि जनता को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि किसी भी नागरिक की समस्या बिना समाधान के लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य जनता को एक ही स्थान पर सभी सेवाएँ उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी समय पर पहुँच कर सक्रिय भूमिका निभाएँ और प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे शिविरों की उपयोगिता और प्रभावशीलता लगातार बनी रहे। इस दौरान डीएसपी उमेद सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# नाबालिग से यौन शोषण के मामले में दोषी को मिली 20 वर्ष की कठोर कैद; फतेहाबाद अदालत का ऐतिहासिक फैसला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** अदालत अमित गर्ग, अतिरिक्त एवं सत्र नयायधीश, स्पेशल जज - कम-फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट फतेहाबाद ने एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ हुए जघन्य यौन अपराध के मामले में त्वरित न्याय करते हुए आरोपी अभिजीत निवासी ढाणी बस्ती भीमा, फतेहाबाद को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध समाज पर गहरा आघात हैं और दोषी पर दया दिखाना न्याय का मजाक होगा। घटनाक्रम के अनुसार, दिनांक 13.10.2024 को पीड़िता के पिता ने हुड्डा चौकी, फतेहाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अभिजीत पिछले 10 महीनों से उनकी बेटी को स्कूल जाते समय खाने-पीने की चीजों का लालच देकर बहलाता-फुसलाता था। करीब 18 दिन पहले, आरोपी उसे जबरन चिल्ली वाली झील के पास खेतों में ले गया, जहाँ उसने पीड़िता के साथ कुकर्म किया और विरोध करने पर मारपीट की। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। मुकदमा की तफ्तीश उप निरीक्षक राज बाला द्वारा अमल में लायी गयी तथा तफ्तीश के दौरान आरोपी को 16.10.2024 को गिरफ्तार किया गया, जिसने अपना अपराध कबूल किया।

अभियोजन पक्ष की तरफ से केस की पैरवी श्री देवेंद्र मित्तल, जिला न्यायवादी व् श्री जगसीर सिंह बराड़, उप जिला न्यायवादी फतेहाबाद ने की। मामले की जानकारी देते हुए श्री देवेंद्र मित्तल, जिला न्यायवादी ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने दोषी की कम उम्र और अन्य परिस्थितियों के बजाय अपराध की गंभीरता को प्राथमिकता दी। माननीय न्यायालय ने दोषी अभिजीत को विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई। इसमें POCSO अधिनियम की धारा 4(2) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 50,000 रुपये जुर्माना, BNS की धारा 87 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 50,000 रुपये जुर्माना, धारा 137(2) के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास और 50,000 रुपये जुर्माना तथा POCSO अधिनियम की धारा 12 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 20,000 रुपये जुर्माना शामिल है। जुर्माना न भरने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास का भी प्रावधान किया गया है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि दोषी पर लगाए गए कुल 1,70,000 रुपये के जुर्माने में से 1,00,000 रुपये पीड़िता को मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे। शेष 70,000 रुपये अदालती कार्यवाही की लागत के रूप में राज्य के खजाने में जमा होंगे। अभियोजन पक्ष का मानना है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति यह फैसला समाज में एक कड़ा संदेश स्थापित करेगा।

'आपातकाल के सबक और चुनौतियां' पर स्टूडेंट्स की डिबेट

# स्टेट लेवल के लिए 5 का सिलेक्शन; झुंझुनूं में 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं के श्री राधेश्याम आर. मोरारका गवर्नमेंट कॉलेज में सोमवार को 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र 'आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' विषय रहा। इस दौरान जिले के चुनिंदा युवाओं ने लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों के प्रति अपना पक्ष रखा। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल प्रो. मंजू चौधरी ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में युवा शक्ति की भूमिका सर्वोपरि है। युवाओं को केवल दर्शक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। लोकतांत्रिक परंपराओं की समझ ही एक जागरूक और सशक्त नागरिक की पहचान है।

## आपातकाल के सबक और वर्तमान चुनौतियां पर पक्ष रखा

युवा संसद के दौरान कुल 12 प्रतिभागियों ने मंच से अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने 1975 के आपातकाल के बारे में बताया कि उस दौर ने भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की महत्ता को और अधिक स्पष्ट किया। प्रतिभागियों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्यायपालिका की स्वायत्तता ही लोकतंत्र के असली स्तंभ हैं, जिन्हें किसी भी परिस्थिति में अक्षुण्ण रखा जाना चाहिए।

### स्टेट लेवल के लिए 5 विजेताओं का चयन

प्रतियोगिता में शामिल युवाओं के तर्क, भाषा शैली और नेतृत्व क्षमता का आकलन करने के बाद निर्णायक मंडल ने पांच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया। ये प्रतिभागी अब राज्य स्तर पर झुंझुनूं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें पूजा तंवर, सोनिया, भारतेंदु, मंताशा कपूर और आनिया राठौड़ शामिल है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'युवा संसद' जैसे मंच युवाओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व कौशल को निखारने का बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से निकले विचार देश की नीति निर्धारण में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मील ने 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें इतिहास की गलतियों से सीखकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जो लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्व का नेतृत्व करे।

### ये रहे निर्णायक मंडल में शामिल

कार्यक्रम की पारदर्शिता के लिए एक निर्णायक मंडल बनाया गया। इसमें प्रो. मनोज कुल्हार (प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज मलसीसर), प्रो. संजीव कुमार (गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज), अरविंद कुमार (सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग), मनु धनखड़ और विकास चाहर (एपीआरओ) शामिल थे। मंच का संचालन डॉ. आकांक्षा डूडी और डॉ. बरखा सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. विकास मील ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धापूर्वक शामिल हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

## गौसेवा व सदाचार का दिया प्रेरक संदेश



**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने श्री कृष्णा गौशाला ग्राम भुथन कलां, भुथन खुर्द एवं धोलू में आयोजित पावन कथा ज्ञान यज्ञ में शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों से जोडने् का सशक्त माध्यम हैं। कथा ज्ञान यज्ञ व्यक्ति को आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि धर्म का सार मानवता की सेवा, जरूरतमंदों की सहायता और समाज में प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों एवं समस्त श्रद्धालुओं को इस पुण्य आयोजन के सफल आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं और युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोडने् का कार्य करते हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में धर्म, सेवा और सद्कर्म की भावना निरंतर प्रबल बनी रहे तथा क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहे।

# चूरू कर सलाहकार संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

## सीए विनोद भार्गव सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चूरू ।** चूरू जिला कर सलाहकार संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। एक बैठक में सीए डॉ. विनोद भार्गव को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष चुना गया। नई सड़क पर एडवोकेट पंकज हारीत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एडवोकेट संजीव कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, एडवोकेट अमरवीर सिंह शेखावत को सचिव और सीए रवि पंवार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान संघ की भविष्य की योजनाओं, कर सलाहकारों की समस्याओं और संगठनात्मक मजबूती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सोमवार को नव नियुक्त पदाधिकारियों, जिनमें अध्यक्ष विनोद भार्गव, उपाध्यक्ष संजीव वर्मा और सचिव अमरवीर सिंह शेखावत शामिल थे, का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. विनोद भार्गव ने बताया कि वर्तमान में टैक्सेशन से जुड़ी जटिलताएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम करदाताओं और व्यापारियों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य प्रयास कर संबंधी नियमों और प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना होगा। इसके लिए समय-समय पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन कर सही मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। डॉ. भार्गव ने यह भी स्पष्ट किया कि चूरू जिला कर सलाहकार संघ केवल व्यावसायिक हितों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। बैठक में एडवोकेट सांवर मल शर्मा, एडवोकेट पंकज हारित, सीए प्रवीण कुमार गोयल, निर्मल वर्मा, सुनील कुमार शर्मा, बिहारी लाल सैनी, मनोज कुमार सोनी, हरीश चंद्र बालान, श्याम सुंदर जालूका और शिवकुमार शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# नगर परिषद टोहाना के चेयरमैन व भाजपा नेता नरेश बंसल ने करवाया माता का जगराता

**सीनियर सिटीजन परिषद टोहाना के प्रधान राजकुमार भाखर सचिव गोपाल दत्त शर्मा सहित शहर व क्षेत्र के गणमान्य लोग व संस्थाएं हुई शरीक**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना नगर परिषद के चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश बंसल व उनके पूरे परिवार ने माता का जागरण करवाया तथा देश प्रदेश के साथ साथ टोहाना वासीयों के लिए सुख समृद्धि का वरदान मांगा। चेयरमैन नरेश बंसल ने पंडाल में परिवार सहित सभी आगंतुकों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा जागरण से पूर्व भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें शहर के जाने माने नागरिक शरीक हुए तथा जागरण शुरू होने पर माथा टेका तथा माता को आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर शहर व क्षेत्र के अनेक सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टोहाना सिनियर सिटीजन परिषद,मानव सेवा संगम, हरियाणा व्यापार मंडल,राइस सैलर एसोसिएशन सहित सभी राजनैतिक दलों के नेतागणों ने भी जागरण में पहूंच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्व विधायक व राज्य सभा के सांसद सुभाष बराला, पूर्व विधायक देवेन्द्र बबली, निशान सिंह,नगर परिषद टोहाना के वाइस चैयरपर्सन श्रीमती नीरू सैनी व उनके पति (प्रतिनिधि) बलदेव सैनी, वार्ड नंबर 13के पार्षद सुरेश सेठी, नरेश बंसल के निजी सचिव सुरेश सोनी,सिनियर सिटीजन परिषद टोहाना के रामकुमार भाखर सहित उनकी पूरी टीम, एडवोकेट नंदलाल गर्ग, पार्षद सुभाष गर्ग एडवोकेट, एडवोकेट विजय रंगा, सरदार अवतार सिंह गाबा सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिको ने जागरण में हाजरी लगाई।

# टोहाना के एसवीएम हाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक उत्सव गौरव पर्व 36 का धूमधाम से आयोजन -स्कूल डायरेक्टर बलदेव सैनी

**देश भक्ति, हरियाणवी, पंजाबी व पौराणिक गीतों पर छात्रों ने दी प्रस्तुतिया**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** एसवीएम हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव गौरव पर्व 36 कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री जवाहर सैनी पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे जबकि प्रवीण जोड़ा जिलाध्यक्ष भाजपा व नरेश बंसल नप चेयरमैन ने विशेष अतिथि के रूप मे शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वल व पुष्पांजलि के द्वारा किया गया। स्कूल के एमडी बलदेव सैनी व प्रिंसीपल नीरू सैनी व स्कूल अध्यापक मण्डल ने अतिथिगण का पुष्पगुच्छ देकर व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। स्कूल कॉर्डिनेटर कुश ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की 36 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी पंजाबी राजस्थानी के अलावा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसका शुभारम्भ हनुमान चालीसा से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के जीवन पर आधारित कोरियोग्राफी पर सभी में देश भगती का जोश भर गया। उपस्थिति द्वारा भारत माता की जय के जयकारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया। गीत दादा जी की छड़ी हूं मैं, मां मेरी माँ, पापा मेरे पापा जैसे गीतों द्वारा परिवारिक रिश्तों पर प्रकाश डाला वहीं नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा फनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

भारतीय सेना गीत, मेरा रंग दे बसंती चोला गाने की प्रस्तुति से भक्ति का संदेश दिया। हनुमान चालीसा, शिव तांडव व राम की पूजा शक्ति प्रस्तुतियों के द्वारा हमारी पौराणिक कथाएं प्रस्तुत की गई। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, म्हारो राजस्थान व उड़िया और हिमाचल प्रदेश की संस्कृति का प्रस्तुतिकरण गीतों के माध्यम से किया। इस मौके पर छात्रों को पुरस्कृत व संबोधित करते हुए जवाहर सैनी ने विद्यालय परिवार को 36 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावना से भी जोड़ा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय द्वारा विभिन्न सरकारी पदों पर आसीन पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करना अत्यंत प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नरेश बंसल ने विद्यालय प्रबंधन, एमडी बलदेव सैनी एवं प्रिंसिपल नीरू सैनी की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि 36 वर्षों की यह यात्रा समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिणाम है।

### ये रहे मौजूद

कुलवंत सैनी रतिया मार्किट कमेटी वाईस चेयरमैन, ज्ञान चंद सैनी, विकास ललोढा, संजय रेवड़ी, रामदेव भारद्वाज, संकेत गर्ग, प्रवीन गिल, जंगजीत हुड्डा चेयरमैन,लछमन बंसल वाईस चेयरमैन, कमल चौधरी, प्रकाश सैनी जमालपुर, सरपंच धर्मसिंह , स्कूल का अध्यापक मण्डल, अविभावक व सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ग्राम चनाना में डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी का शिलान्यास, शिक्षा जागरूकता की दिशा में ऐतिहासिक पहल




## सर्व समाज की भागीदारी और जनसहयोग से साकार होगा ज्ञान का नया केंद्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चनाना।**

ग्राम चनाना में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से सर्व समाज की पहल पर 22 फरवरी 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी का शिलान्यास किया गया। यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और नवाचार की दिशा में कार्य करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण ज्ञान केंद्र साबित सर्व समाज की भागीदारी और ग्रामवासियों के सहयोग से प्रारंभ हुई इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न सामाजिक वर्गों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिसने सामाजिक एकता और सामूहिक संकल्प का संदेश दिया। शिलान्यास कार्यक्रम में चनाना सरपंच चरणसिंह धीवा, शरीफ कुरैशी, करतार सिंह राजपूत, मंगलचन्द गहनोलिया, सुरेश बड़सरा, मूलचन्द गजराज, गुरुदयाल सिंह (पूर्व सरपंच), रामजीलाल मीणा लोयल, रमेश महाजन, एडवोकेट दीपक धीवा, धर्मपाल चारावास, जितेन्द्र कुमावत, भगवानाराम ठेकेदार, ओमप्रकाश डिग्रवाल, मदनलाल, कृष्ण कुमार मेघवाल, जितुसैन, जुगलाल (यूएनओ अधिकारी), डॉ. मुकेश डिग्रवाल (अतिरिक्त निदेशक), दौलतराम, कालूराम बिलुणिया, राजकुमार मीणा, नरोत्तम गजराज, महेन्द्र सिंह धीवा, राजकुमार ढेबाणिया, सुन्दरमल उज्जवल, प्रेमसुख, तुलसीराम, चैनसुख बागौर, जगदीश चान्दोलिया, हरदेवाराम ठेकेदार, संजय मीणा, जयकरण धीवा, पंकज सेवलिया, राधेश्याम बाकोलिया, भगत नायक, जयप्रकाश डिग्रवाल, आशीष मेव, विकास गौरा, राजकुमार, सीताराम मार्शल, नरेन्द्र मार्शल, डॉ. विश्वास, विकास नेहरा, रतन गजराज, प्रभूराम, ओमप्रकाश सेवलिया, राजेश गजराज, मुकेश बड़सरा, प्रवीण गजराज, मुकेश डिग्रवाल, मातुराम जांगिड़, हरिराम, मदनलाल, शंकरलाल गजराज, रामावतार उज्जवल, रमेश सेवलिया, दिनेश, कमलेश, सुरेन्द्र गजराज, पवन डिग्रवाल, एडवोकेट धर्मपाल डिग्रवाल, राकेश डिग्रवाल, नन्दलाल चांदोलिया, चंद्रपाल, धन्नीदेवी, शान्ति देवी, सन्तोष देवी, मीरा देवी, जीवणी देवी, ओमप्रकाश बाकोलिया, शिलोचना देवी, लालचन्द बिलुणिया, कमल, अजय चारावास, मनोहर, कुलदीप, विशाल, मीतू डिग्रवाल, राहुल बिलुनिया, विवेक, मनोज नाई, आकाश भूकाना सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे। लाइब्रेरी निर्माण के लिए भामाशाहों और समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जो सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। वक्ताओं ने कहा कि यह लाइब्रेरी आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का प्रकाश स्तंभ बनेगी और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से प्रेरित यह पहल सामाजिक समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के संदेश को सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगी। ग्राम चनाना की यह एकजुटता दर्शाती है कि जब समाज एक साथ खड़ा होता है तो विकास के नए आयाम स्थापित होते हैं।

# फतेहाबाद पुलिस की आमजन से अपील: बच्चों को ऑनलाइन ग्रूमिंग से बचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा बच्चों को ऑनलाइन अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। डिजिटल युग में जहां सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न इंटरनेट प्लेटफॉर्म बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, वहीं इनके माध्यम से होने वाले साइबर अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से ऑनलाइन दोस्ती और ऑनलाइन ग्रूमिंग जैसी गतिविधियां बच्चों की मानसिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रही हैं। फतेहाबाद पुलिस द्वारा आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक मंचों पर साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, ताकि हर परिवार तक यह महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचे।

### क्या है ऑनलाइन ग्रूमिंग?

ऑनलाइन ग्रूमिंग वह प्रक्रिया है, जिसमें अपराधी फर्जी पहचान बनाकर नाबालिग बच्चों से संपर्क स्थापित करते हैं। शुरुआत में वे मित्रता का दिखावा कर बच्चों का विश्वास जीतते हैं। धीरे-धीरे बातचीत को निजी विषयों की ओर मोड़ा जाता है और 'यह बात सीक्रेट रहेगी' जैसे बहाने बनाकर निजी फोटो या वीडियो मांगे जाते हैं। कई मामलों में भावनात्मक दबाव डालकर बच्चों को डराया या ब्लैकमेल किया जाता है, ताकि वे इस विषय में किसी को न बताएं।

आमजन एवं अभिभावकों के लिए जरूरी संदेश फतेहाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि बच्चों को ऑनलाइन किसी भी अजनबी से दूरी बनाए रखने और व्यक्तिगत फोटो, वीडियो या जानकारी साझा न करने की स्पष्ट सीख दें।

- यदि कोई व्यक्ति बातचीत को गोपनीय रखने या परिवार से छिपाने की बात करे, तो उसे तुरंत ब्लॉक करें और इसकी सूचना अभिभावकों को दें।
- घर का पता, स्कूल का नाम, फोन नंबर, पासवर्ड या अन्य निजी जानकारी इंटरनेट पर साझा करने से बचें।
- बच्चों के व्यवहार में अचानक बदलाव दिखाई दे तो संवेदनशीलता से उनसे बात करें और उनकी समस्या समझने का प्रयास करें।
- बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण वातावरण बनाएं कि वे किसी भी असहज (Uncomfortable) स्थिति को तुरंत साझा कर सकें।

### पुलिस अधीक्षक का संदेश

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सकारात्मक निगरानी रखें, साथ ही उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। डर या डांट की बजाय समझाइश और विश्वास का वातावरण बच्चों को सुरक्षित रखने में अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना दें। समय पर सूचना देने से त्वरित कार्रवाई संभव होती है और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

फतेहाबाद पुलिस समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करती है और आश्वस्त करती है कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# टी20 विश्व कप: टी20 विश्वकप के सुपरआठ में आज होगा इंग्लैंड और पाकिस्तान का मुकाबला




**पल्लीकेली (एजेंसी)।** इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीम आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-आठ में मंगलवार को आमने-सामने होंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इंग्लैंड ने अपने पहले मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम का पहला मुकाबला न्यूलीलैंड से बारिश के कारण नहीं हो पाया था। अब तक इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।ऐसे में वह खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कोलंबो की पिच से धीमे गेंदबाजों को सहायता मिलने की उम्मीद है। पहले ही मैच में श्रीलंका पर 51 रनों की जीत से इंग्लैंड का रन रेट भी बेहतर हुआ है और वह ग्रुप में शीर्ष पर है।

इंग्लैंड को हालातों का भी लाभ मिले। उसने हाल ही में इसी जगह पर तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेला था। वहीं सुपर 8 मैच में श्रीलंका को हराया था, जिससे उन्हें मुकाबले से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी बेहद कमजोर है, अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम अब तक असफल रहे हैं। साहिबजादा फरहान के अलावा एक भी बल्लेबाज फार्म में नहीं है। पाक टीम उस्मान तारिक सहित अपने धीमे स्पिरनरों के जरिये इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का प्रयास करेगी। टीम के पास उस्मान के अलाव सैम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे गेंदबाज हैं।

ये पाकिस्तानी गेंदबाज इंग्लैंड की बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाने का पूरा प्रयास करेंगे। खेल के आखिरी स्टेज में पिच और धीमी होने की संभावना है। गेंदबाजों के पक्ष में हालात होने के कारण इस मुकाबले में स्पिन मैच का परिणाम तय करेंगे।

अब तक के आंकड़ों में इंग्लैंड की टीम हावी रही है। दोनो के बीच अब तक 31 मुकाबले हुए हैं। इसमें से इंग्लैंड ने 31 जबकि पाक ने केवल 9 मैच ही जीते हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल सॉल्ट, जैकब बेथेल, सैम करन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टंग, ल्यूक वुड।

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

# पाक स्पिनर तारिक के एक्शन को लेकर दो खेमों में बंटे दिग्गज, अंपायर चौधरी ने भी उठाये सवाल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में इस बार पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक अपनी विवादस्पद गेंदबाजी के कारण निशाने पर हैं। तारिक गेंदबाजी के दौरान ही बीच में रुक जाते हैं जिससे बल्लेबाज संशय में फंस जाते हैं। उनके गेंदबाजी एक्शन पर कई दिग्गज क्रिकेटरों ने सवाल उठाये हैं हालांकि अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस गेंदबाज पर कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में क्रिकेट जगत दो गुटों में बंट गया है। एक का मानना है कि तारिक की गेंदबाजी जादुई है वहीं दूसरे गुट का मानना है जिस प्रकार से ये गेंदबाज पूरी बांह वाली टी शर्ट पहनकर गेंदबाजी कर रहा है उसमें कुछ गड़बड़ है। ऐसे में आईसीस नॉकआउट मुकाबलों से पहले आईसीसी को इस गेंदबाज के एक्शन की जांच करनी चाहिये।

अंपायर अनिल चौधरी ने भी इस स्पिनर के एक्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि आंखिर वह पूरी बांह वाली टी-शर्ट ही क्यों पहने रहता है ? साथ ही कहा कि तारिक का मैदान पर और मैदान के बाहर हमेशा फुल टी-शर्ट पहनना समझ से परे है। इसके पीछे कुछ राज है। साथ ही कहा, 'जब कोई गेंदबाज भीषण गर्मी में भी अपनी आस्तीन नीचे नहीं करता और अभ्यास सत्र में भी हाफ टी-शर्ट पहनने से बचता है, तो मन में आशंका होना स्वाभाविक है। वह अपनी कोहनी के पास से क्या छुपाना चाहता है। हमने पहले भी देखा है कि संदिग्ध एक्शन वाले गेंदबाज कोहनी के मुड़ाव को छिपाने के लिए पूरी बांह की टी शर्ट पहनने रहे हैं। चौधरी के सोशल मीडिया पर उठाये इस सवाल के बाद पाक स्पिनर के एक्शन को लेकर बहस तेज हो वहीं एक दिग्गज पूर्व विकेटकीपर ने कहा कि इस गेंदबाज का बचाव करते हुए कहा कि उसकी गेंदबाजी में जो विविधता है, वो लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देखने को मिली है. उन्होंने कहा, 'उनकी गेंद को विकेट के पीछे से देखना काफी अच्छा अनुभवी है। वो जिस तरह से फ्लाइट देते हैं और अचानक गेंद को तेज़ी से टर्न कराते हैं, वो काबिले-तारीफ है। अंपायरों को सबूतों पर बात करनी चाहिए, सिर्फ कपड़ों पर नहीं। इस बार पाक के सुपर-8 में पहुंचने में तारिक की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अहम मौकों पर बड़े विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई है। इस गेंदबाज ने अभी तक किसी भी बायोमैकेनिकल टेस्ट में अपनी कोहनी की जांच नहीं करायी है। ऐसे में अगर जांच में उनकी कोहनी 15 डिग्री से अधिक मुड़ती दिखी तो उनपर प्रतिबंध लगना तय है।

# भारत और जिम्बाब्वे में विश्वकप फाइनल देखना चाहते हैं द्रविड़



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के अनुसार भारतीय टीम विश्वकप फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। द्रविड़ के अनुसार इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सबसे अधिक सकारात्मक बात ये है कि टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रही है। टीम में गहरायी है और उसका हर खिलाड़ी मैच का रुख मोड़ सकता है। साथ ही कहा कि दूसरी टीम के तौर पर अगर जिम्बाब्वे से फाइनल में भारत का मुकाबला होता है तो उन्हें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जिम्बाब्वे ने इस बार काफी अच्छा खेल देखाया है और वह भी फाइनल में खेलने की दावेदार बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम को अपनी मैच योजनाओं पर बने रहना चाहिए।

द्रविड़ ने से कहा, 'मुझे लगता है कि हम कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं हैं। हमारे पास टीम में गहराई है। तो आप उम्मीद कर सकते हैं कि यह गहराई निखरकर सामने आएगी। टी20 क्रिकेट में कुछ भी तय नहीं होता है। यह खेल का सबसे अस्थिर फॉर्मेट है, और किसी भी दिन, जैसा मैंने कोच के रूप में भी सीखा है, आप हार सकते हैं। इसलिए अपनी योजनाओं रहो, जो कर सकते हो करो और अच्छे की उम्मीद करो,।' टी20 विश्वकप में इस बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप मैच में जिस प्रकार से हराया है,उससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इसके बाद उसने श्रीलंका को भी हराया। द्रविड़ ने कहा, 'अगर यह जिम्बाब्वे फाइनल में पहुंचता है तो उसके क्रिकेट के लिए ये अच्छा अनुभव होगा। अगर जिम्बाब्वे फाइनल में पहुंचता है तो यह काफी अच्छा होगा। मैं चाहूंगा कि भारत के साथ कोई छोटी टीम भी फाइनल में पहुंचे। यह बहुत अच्छा होगा।' द्रविड़ ने कहा कि इस बार एसोसिएट देशों ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर सभी टेस्ट देशों को कड़ी टक्कर दी है। पाकिस्तान को नीदरलैंड्स से जबकि भारत को अमेरिका ने कड़ी टक्कर दी। उन्होंने कहा कि इस बार जिस प्रकार छोटी टीमों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बड़ी टीमों को अच्छी चुनौती दी उससे मुकाबलों का रोमांच बढ़ गया है। जिस प्रकार से इन टीमों ने खेला है,उससे मुझे काफी अच्छा लगा। इससे एसोसिएट देशों की प्रतिभा सामने आ रही है। इन सभी टीमों ने अच्छी अच्छा खेला है हालांकि मामुली अंतर से ये सुपर-8 में क्वालिफाई न कर पायी हैं पर भविष्य इनका काफी अच्छा है। इन टीमों के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

# टी20 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका से शर्मनाक हार के बाद चेन्नई पहुंची टीम इंडिया, अब करो या मरो का मुकाबला



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम सोमवार को चेन्नई पहुंच गई। टीम 26 फरवरी को एमए चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 के अपने दूसरे मैच के लिए चेन्नई में तैनात है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के पहले सुपर 8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा।

इस बड़ी हार के साथ ही भारत को आईसीसी क्रिकेट के सभी श्वेत-गेंद प्रारूपों में 18 मैचों में पहली हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2023 विश्व कप के फाइनल में भी भारत को इसी मैदान - नरेंद्र मोदी स्टेडियम - पर ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में रनों के अंतर से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार थी। इससे पहले 2019 में वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ 80 रनों की हार हुई थी। टी20 विश्व कप के इतिहास में भारत को अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

मैच की बात करें तो, डेविड मिलर (63) और देवाल्ड ब्रेविस (45) की चौथी विकेट के लिए शानदार 97 रनों की साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवरों में 187/7 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने तेज गति से खेलते हुए नाबाद 44 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह (2/28), जसप्रीत बुमराह (3/15), वरुण चक्रवर्ती (1/47) और शिवम दुबे (1/32) ने विकेट लिए। 188 रनों का बचाव करते हुए दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजों में से कोई भी अर्धशतक नहीं बना सका। शिवम दुबे ने 42 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोर किया और भारत ने मौजूदा चैंपियन को 18.5 ओवरों में मात्र 111 रनों पर ऑल आउट कर दिया और भारतीय टीम को 76 रनों से हरा दिया।

भारत के लिए अर्शदीप सिंह (2/28), जसप्रीत बुमराह (3/15), वरुण चक्रवर्ती (1/47) और शिवम दुबे (1/32) ने विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान एडेन मार्कराम (1/5), मार्को जानसेन (4/22), केशव महाराज (3/24) और कॉर्बिन बॉश (2/12) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया।

# वरुण ने अर्शदीप का रिकार्ड तोड़ा : लगातार 18 पारियों में विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने


अहमदाबाद ।भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने दक्षिण अफीका के खिलाफ मैच में एक विकेट लेते ही एक नया रिकार्ड बनाया है । वरुण अब लगातार 18 पारियों में विकेट लेने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं । वरुण लगातार 18 पारियों में भारत के लिए विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं । उन्होंने इसके साथ ही तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पीछे छोड़ा । अर्शदीप सिंह ने साल 2024-25 में लगातार 17 पारियों में विकेट लेने का रिकार्ड बनाया था । वहीं वरुण चक्रवर्ती ने 2025-26 के बीच अब तक कुल 18 पारियों में एक या उससे अधिक विकेट लिए हैं । इसी सूची में तीसरे नंबर पर पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा है । नेहरा ने साल 2016 में 13 पारियों में एक या उससे अधिक विकेट लिए थे ।

# अब हमारा लक्ष्य टी20 विश्वकप जीतना : मंधाना



केनबरा । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में मिली सफलता से टीम का मनोबल बढ़ा है और अब उसका लक्ष्य आगामी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतना है । महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा । मंधान ने कहा है टीम काफी अच्छा खेल रही है और उसकी सभी खिलाड़ी लय में हैं । टीम ने जिस प्रकार से एकदिवसीय विश्वकप जीता था, उसी तर्ज पर अब वह टी20 विश्वकप जीतना चाहती है । मंधाना ने कहा ''मुझे लगता है कि हम एक ऐसे बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना प्रभाव बनाना चाहते हैं । हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता । हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं ।''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन रन बनाये जिससे भारतीय टीम को आसानी से जीत मिली । मंधाना ने कहा, ''मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है । यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था । यह बहुत शांत और सुंदर शहर है । ।''

# भारतीय टीम की हार से गंभीर की लचर रणनीति पर फिर उठे सवाल



अहमदाबाद । टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम की करारी हार के लिए खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर भी सवाल उठ रहे हैं । जानकारों का मानना है कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए गंभीर की लचर योजनाएं भी जिम्मेदार हैं ।

मैच केवल मैदान पर नहीं खेला जाता बल्कि उससे कहीं ज्यादा दिमाग में खेला जाता है । टीम प्रबंधन ने यहां गलती कर दी । इसी कारण ग्रुप स्तर पर सभी मैच जीतने वाली टीम धीमी और काली मिट्टी के विकेट पर विफल रही । इस मैच में अंगुल के स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिखे । न तो भारतीय टीम प्रबंधन की योजनाओं में स्पष्टता दिखी और न वह उन्हें अमल में ला पायी । यहां तक की पारी की शुरुआत कौन करेगा । ये भी अंत तक तय नहीं था । गंभीर अपने सबसे बेहतरीन 11 खिलाड़ी उतारने की बजाय लगातार प्रयोग करते दिखे । वह भी ऐसे समय तब कि एक ही टीम उतारी जानी चाहिये । मैच में उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह पर अंतिम ग्यारह में वाशिंगटन सुंदर को उतरा गया । सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में विफल रहे । टीम में चयनित खिलाड़ी को ही अंत तक पता नहीं होता है कि वह अंतिम ग्यारह में है कि नहीं । इससे उनकी तैयार भी प्रभावित होती है जबकि विश्वकप खेलते समय टीम पहले से ही तय कर ली जाती है और वही पूरे समय खेलती है ।

# एफआईएच प्रो लीग: स्पेन के खिलाफ आज जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी टीम इंडिया, साख दांव पर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में जुझारु प्रदर्शन करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां स्पेन के खिलाफ होने वाले मैच में वापसी करके एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। नौ टीमों के इस टूर्नामेंट में अब तक भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राउरकेला और होबार्ट में खेले गए दोनों चरणों में भारत को पांच हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच उसने ड्रॉ खेला।

**कोच क्रेग फुल्टन आलोचनाओं का सामना कर रहे**

टीम के इस लचर प्रदर्शन के कारण कोच क्रेग फुल्टन पर दबाव बढ़ गया है जो लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह के व्यक्तिगत कारणों से होबार्ट चरण से हटने के बाद युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह को कप्तानी सौंपी गई। होबार्ट चरण में स्पेन से पहला मैच 0-2 से हारने के बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया था लेकिन उसे पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम हालांकि इस मैच से वर्तमान टूर्नामेंट का पहला अंक हासिल करने में सफल रही थी।

भारतीय टीम अब स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इन दोनों टीमों के बीच वर्षों से कड़ी प्रतिस्पर्धा रही है, जिसमें दोनों ने एक दूसरे को समान रूप से टक्कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत एक समय जीत की स्थिति में था। अमित रोहिदास और जुगराज सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन मैच के अंत में गोल खाने की वही पुरानी समस्या फिर से सामने आ गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए पेनल्टी शूटआउट में मैच जीत लिया।

इससे पहले राउरकेला में खेले गए चारों मैचों में भारत की हार को देखते हुए इस टीम का अच्छा प्रदर्शन माना जा सकता है। राउरकेला में भारत को अर्जेंटीना से 0-8 की करारी शिकस्त भी मिली थी। पिछले मैच में शिलानंद लाकड़ा ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उनकी तेज दौड़ और रिवर्स-हिट ने ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को चकमा दे दिया, हालांकि बैक-स्टिक के इस्तेमाल के कारण उनके इस गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। युवा आदित्य ललागे ने भी अपनी छाप छोड़ी। भारतीय टीम को अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए अब अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा क्योंकि नौ टीमों वाली एफआईएच प्रो लीग तालिका में वह छह मैचों में सिर्फ एक अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत के पीछे केवल पाकिस्तान है जिसने अब तक अपने सभी आठ मैच हारे हैं और अभी तक अपना खाता नहीं खोला है। होबार्ट चरण में भारतीय टीम स्पेन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच खेलेगी।


इसके बाद जून में यूरोप में मुकाबले होंगे, जहां भारत नीदरलैंड, बेल्जियम और इंग्लैंड में खेलेगा। लेकिन उससे पहले भारत का तात्कालिक लक्ष्य अंक हासिल करना और तालिका में आगे बढ़ना होगा। बेल्जियम (आठ मैच, 22 अंक) तालिका में अभी सबसे आगे है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया (सात मैच, 20 अंक) और अर्जेंटीना (आठ मैच, 17 अंक) का नंबर आता है। जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले एफआईएच प्रो लीग में दमदार प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा। एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

# किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई



मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी) । दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोटहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे । पुरुषों की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे। उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे । पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे । ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे । दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिंगल्स में भारत की कमान संभालेंगी । तन्वी शर्मा, जो पिछले साल BWF वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी । महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में भारत की अकेली जोड़ी अश्विनी भट और शिखा गौतम हैं ।

# सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार पर निराश जताई, बोले अगले मैचों से वापसी करेंगे



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में मिली हार पर निशाना जताते हुए कहा कि उनकी टीम अगले मैच के साथ ही अच्छी वापसी करेगी। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसके आगे के सफर पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब भारतीय टीम को अपने बचे हुए दोनो ही सुपर-8 बैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। हार के बाद सूर्यकुमार ने प्रशंसकों को टूर्नामेंट में वापसी का भरोसा दिया।

मैच के बाद उन्होंने कहा, 'जब हमने मैच शुरू किया तब से ही हमे उसमें बने हुए थे। हमने शुरुआत में अच्छी गेंदबाजी की पर बीच के ओवरों में विरोधी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी स्थित सुधार ली। उसके बाद भी हमारे गेंदबाजों ने विरोधी टीम को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। उसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हम अच्छी शुरुआत नहीं कर पाये। साथ ही कहा कि आप पावरप्ले में गेम नहीं जीत सकते पर अपनी गलतियों से हार सकते हैं और यही इस मैच में हुआ। हमने पावरप्ले में कई विकेट खोए और उसके बाद हम छोटी-छोटी साझेदारी भी नहीं बना पाए हालांकि ये सब सब कुछ खेल का हिस्सा होता है। हम इससे सबक लेते हुए अगले मैच में गलतियों से बचेंगे। हमारा लक्ष्य बचे हुए दोनो ही मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा।'

इस मैच मे दक्षिण अफ्रीका से मिले 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन ही बना पायी। भारत की ओर से शीर्ष क्रम असफल् रहा केवल शिवम दुबे ही 42 रन बना पाये। वहीं अन्य बल्लेबाज 20 रनों से अधिक नहीं बना पाये। वहीं दक्षिण अफ्रीका की तरफ से डेविड मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाये। इन दोनो के बीच 97 रनों की साझेदारी से दक्षिण् अफ्रीका एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। ने 20 रन पर तीन विकेट

सूर्यकुमार ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की अच्छी गेंदबाजी की सराहतना की। उन्होंने कहा,हर कोई जानता है कि इन दोनो की गेंदबाजी कितनी घातक रही है। दोनों ने आठ ओवर गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए और केवल 45 से 50 रन दिए। बुमराह ने 15 रन पर देकर तीन विकेट जबकि अर्शदीप सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पहले ही ओवर में शून्य पर आउट हो गए। दूसरे ओवर में तिलक वर्मा भी पेवेलियन लौट गये। अभिषेक शर्मा इस मैच में खाता तो खोल पाए पर अधिक नहीं टिक पाये। इसके बाद बाकि बल्लेबाज भी एक के बाद एक पेवेलियन लौट गये। इस मैच में जीत से दक्षिण अफ्रीका को 2 अंक मिले हैं जबकि भारतीय टीम को एक भी अंक नहीं मिला।

# विश्वकप अंक तालिका में पाकिस्तान से भी पिछड़ी भारतीय टीम



मुम्बई । आईसीसी टी20 विश्वकप में ग्रुप स्तर पर धमाकेदार प्रदर्शन कर शीर्ष पर रही भारतीय टीम सुपर-आठ के पहले ही मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों करारी हार के बाद अंक तालिका में पिछड़ती दिख रही है । इससे उसके सेमीफाइनल की उम्मीदें भी कम हो रही हैं । पहले सुपर-8 मैच के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान से भी पीछे है । न्यूजीलैंड से पहला सुपर-8 मुकाबला बारिश की वजह से रद् होने के बाद पाक को एक 1 अंक मिला है पर भारतीय टीम के पास एक भी अंक नहीं है । ऐसे में एक और हार से वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अब भारतीय टीम को अपने बाकी दो सुपर 8 मुकाबलों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. भारतीय टीम अपना दूसरा सुपर 8 मुकाबला गुरुवार 26 फरवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी. वहीं एक मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उतरेगी । अगर भारतीय टीम अपने शेष दो मैचों में से एक भी हार जाता है, तो उसका खिताबी सफर सुपर 8 स्टेज में ही समापत हो जाएगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद टीम इंडिया का नेट रन रेट काफी नीचे चला गया है ।

# प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने संघर्ष पर चर्चा की



ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में सालाना हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने देश और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने सफर पर चर्चा की। उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही वे हॉलीवुड तक पहुंचीं, इसका क्रेडिट ऐश्वर्या राय और इरफान खान सरीखे सितारों को दिया। प्रियंका का कहना है कि इन सितारों ने हॉलीवुड के रास्ते खोले।

### प्रियंका ने शेयर किया इमोशनल नोट

प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अपने करियर और हॉलीवुड तक के सफर का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने हॉलीवुड में रास्ता बनाने का क्रेडिट ऐश्वर्या राय, इरफान खान और मिंडी कालिंग को दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें अपनी करियर जर्नी पर एक इमोशनल नोट लिखा है।

### इन हस्तियों ने दूसरों के लिए रास्ते आसान बनाए

प्रियंका चोपड़ा ने यह स्वीकार किया कि किस तरह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय, दिवंगत एक्टर इरफान खान और अमेरिकन एक्टर-कॉमेडियन मिंडी कालिंग के सफर ने हॉलीवुड में उनके अपने करियर में योगदान दिया। उन्होंने इन पर्सनैलिटीज को ट्रेलब्लेजर बताया, जिनकी कामयाबियों ने दूसरों के लिए रास्ते तैयार किए। उनके नक्शेकदम पर चलना मुमकिन बनाया।

### प्रियंका ने जाहिर किया उत्साह

प्रियंका चोपड़ा ने साझा किए गए पोस्ट के साथ लिखा है, 'मेरे दिन की शुरुआत ऐसे हुई। मुझे अपनी सबसे करीबी दोस्तों और बिजनेस पार्टनर अंजुला आचार्य के साथ मशहूर हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में इंडिया वीक खत्म करने के लिए एक फायरसाइड कीनोट एड्रेस देना था। टॉपिक था 'जैसा इंडिया हम सोचते हैं'। यहां ऑडियंस में देखते हुए मेरे मन में बस एक ही ख्याल आया, 'तुम वही इंडिया हो, जिसकी मैंने कल्पना की थी'। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी।



# 'लोका 2' पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

**पिछले साल मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।**

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने 'लोका 2' को लेकर बात की। वह कहती हैं, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें।'

### क्या थी कहानी?

मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी।

### फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर की छप्परफाड़ कमाई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'लोका' का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा। इस पहली वुमन सुपरहीरो मूवी कहा।

# एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने अजित कुमार के लिए लिखा खास नोट






मलयालम एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने हाल ही में तमिल सुपरस्टार अजित कुमार के लिए एक खास नोट शेयर किया है। फिल्म 'गुड बैड अगली' में उनके साथ काम कर चुकीं प्रिया उन्हें चीयर करने पहुंची थी। इसी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर कर उन्होंने अजित के लिए कुछ खास लिखा। प्रिया ने अबू धाबी के यास मरीना सर्किट से कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'प्योर पैशन, डिसिप्लिन और निडर समर्पण... जिस तरह वह जिंदगी और रेसिंग दोनों में बेहतरीन बनने की कोशिश करते हैं, वह बेहद प्रेरित करने वाला है। असली महानता अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने, विनम्र रहने और अपने जुनून को कभी न छोड़ने में है। अजित सर, मुझे बुलाने के लिए धन्यवाद! आपके और आपकी शानदार टीम के साथ रहना बहुत खास लगा। हम आपके लिए चीयर कर रहे हैं।' बता दें, अजित कुमार इन दिनों अपनी रेसिंग टीम के साथ इंटरनेशनल कार रेसिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। प्रिया से पहले तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन भी अबू धाबी पहुंचकर अजित और उनकी टीम से मुलाकात कर चुके हैं।

### इस फिल्म में नजर आएंगी प्रिया

एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर हाल ही में निर्देशक अखिल सथ्यान की फिल्म 'सर्वम माया' में कैमियो रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ निविन पॉली और रिया शिबू भी अहम भूमिकाओं में थे। अब खबर है कि प्रिया जल्द ही हीस्ट थ्रिलर फिल्म '3 मंकीज' में दिखाई देंगी, जिसे डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अर्जुन रामपाल और रानी मुखर्जी समेत कई बड़े नाम शामिल हैं।


# हॉरर-थ्रिलर हुई रजनीश दुग्गल सुपरनैचुरल की वापसी



अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है और इसे देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। फिल्म को ज्योति राज गवाली प्रोड्यूस कर रही हैं। वहीं राज गवाली को-प्रोड्यूसर हैं और निर्देशन की कमान सौरभ चौबे ने संभाली है।

### पोस्टर ने बढ़ाई धड़कनें

पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल 'द वॉर्डरोब' अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है।



# कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'कैनेडी' को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी 'कैनेडी' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, ''जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।''

उन्होंने कहा, ''एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।'' सनी लियोनी ने कहा, ''पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।''

फिल्म 'कैनेडी' में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। सनी ने कहा, ''यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।''




# अनुराग कश्यप ने 'निशांची' को बताया 'सिनर्स' से बेहतर



**निर्माता-निर्देशक व अभिनेता अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच अनुराग कश्यप ने अपनी पिछली फिल्म 'निशांची' को बनाने पर गर्व जताते हुए इसके स्पेशल इफेक्ट्स को हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' से भी बेहतर बताया है। 'निशांची' दो भागों में बंटी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें कानपुर में रहने वाले जुड़वां भाइयों बबलू और डब्लू की कहानी है।**


### अनुराग ने स्पेशल इफेक्ट्स के लिए की रेड चिलीज की तारीफ

बातचीत के दौरान अनुराग ने कहा कि अन्य फिल्म निर्माताओं के साथ काम करते हुए, मैं काम करने की एक नई शैली देख रहा हूं। यह शैली आ रही है और दक्षिण में हर जगह देखने को मिल रही है। वे वहीं पर शूटिंग और एडिटिंग करते हैं। वे एक दिन में एक ही सीन शूट करते हैं और शॉट्स नहीं लेते। मेरे लिए स्पेशल इफेक्ट्स के साथ 'निशांची' के दोनों भाग, जिनमें अभिनेता ने दो अलग-अलग तरह की दोहरी भूमिका निभाई है - जिस पर मुझे बहुत गर्व है। स्पेशल इफेक्ट्स के मामले में सिल्वेस्टर और रेड चिलीज ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो वाकई कमाल है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह 'सिनर्स' से भी बेहतर है। वे सचमुच दो अलग-अलग लोग हैं और हमने दो महीने के अंतराल पर शूटिंग की। ऐसा नहीं था कि आप कपड़े बदलकर आ गए हों। यह सब वास्तविक था।

### ऑस्कर में 'सिनर्स' ने हासिल किए रिकॉर्ड नॉमिनेशन

हॉलीवुड फिल्म 'सिनर्स' में माइकल बी जॉर्डन ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने जुड़वां भाइयों एलिजा स्मोक मूर और एलियास स्टैक मूर का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए अभिनेता को अपना पहला ऑस्कर नामांकन मिला। रयान कूगलर द्वारा निर्देशित 'सिनर्स' ने 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रिकॉर्ड तोड़ 16 नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया, जो किसी एक फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक नामांकन है।

### ऐसी है 'निशांची' की कहानी




अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'निशांची' पिछले साल दो भागों में रिलीज हुई थी। इस क्राइम ड्रामा की कहानी कानपुर में रहने वाले दो भाइयों बबलू और डब्लू के ऊपर आधारित है। फिल्म का पहला पार्ट सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, जिसे क्रिटिक्स से तो अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसके बाद दूसरा पार्ट मेकर्स ने सीधे ओटीटी पर रिलीज किया था। इस फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे दोहरी भूमिका में नजर आए हैं।

### 20 फरवरी को रिलीज हुई है 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म का प्रीमियर 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। जहां इसे काफी सराहना मिली थी। इसके अलावा भी कई फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को काफी सराहा गया है। और इसे सात मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मेलबर्न इंडियन 'कैनेडी' में राहुल भट्ट और सनी लियोन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

